www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 146 || अम्बेडकरनगर
सोमवार
17 अगस्त 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 05:38
सूर्यास्त: 06:43
अधिकतम: 29°00
न्यूनतम: 27°00



पेज 07

विशेष समाचार: विकसित भारत की असली... >> पेज 04 | महिला डॉक्टर की लाश अपनी ... >> पेज 06 | हिप इंजरी के बाद छलका ...

## शाह बोले-वंदे मातरम कैसे रोका, हम सबने देखा, शर्म बची है तो देश से माफी मांगें

# 'सोनिया जी आपके पाप को जनता माफ नहीं करेगी'

शाह ने कहा- डीबीटी के माध्यम से आज 152 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। साथ ही 6 हजार 453 करोड़ रुपए के 956 कार्यों का शिलान्यास और भूमि पूजन किया गया। शाह ने अलवर मेडिकल कॉलेज का नाम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से घोषित किया।

**दौरा**

तमसा संकेत, एजेंसी

चित्तौड़गढ़/ अलवर । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राजस्थान के निंबाहेड़ा में कहा कि वोट बैंक के लालच में कांग्रेस ने वंदे मातरम को भुला दिया था। वंदे मातरम के 150वें साल पर पीएम मोदी ने लाल किले से वंदे मातरम को सम्मान वापस दिलाने का काम किया है। शाह ने कहा- कांग्रेस की निर्लज्जता देखिए... कांग्रेस पार्टी मुख्यालय पर वंदे मातरम का गान हो रहा था। बीच में ही कांग्रेस की नेत्री सोनिया जी ने कांग्रेस अध्यक्ष को गान रोकने को कहा। यह गान फिर से सम्मान प्राप्त कर रहा है, वो भी सोनिया जी को रास नहीं आता।

गृह मंत्री ने कहा कि सोनिया जी 140 करोड़ की जनता आपको देख रही है। आपके द्वारा किया गया ये पाप इस देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। >> (शेष पेज 06 पर)



राजस्थान दौरे पर आए अमित शाह ने निंबाहेड़ा में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की 21 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने चित्तौड़गढ़ समेत 15 जिलों के 5659 करोड़ के 944 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

### 11 साल में हर साल किसानों और पशुपालकों के लिए लाए एक योजना

अमित शाह ने कहा- राजस्थान में 44 हजार सहकारी समितियां हैं। हमारा लक्ष्य है कि एक भी गांव ऐसा न हो, जहां पर कोऑपरेटिव न हो। 500 मीट्रिक टन के 200 गोदाम बनाए जा रहे हैं और 50 नए गोदाम अप्रूव हो रहे हैं। >> (शेष पेज 06 पर)



### दौरे से पहले कांग्रेस नेता को हिरासत में

अलवर में अमित शाह के दौरे को लेकर खैरथल-तिजारा कांग्रेस अध्यक्ष समेत कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि उन्हें रात भर होटल में नजरबंद किया गया। अलवर में शाह की सभा स्थल की ओर जा रहे कांग्रेस नेता दीनबंधु शर्मा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दीनबंधु शर्मा ने काले गुब्बारे आसमान में उड़ाने की कोशिश की थी। अमित शाह ने कहा- आज अलवर के अलावा सरस डेयरी के 4 और प्लांट 274 करोड़ रुपए की लागत से भीलवाड़ा, जयपुर, पाली और राजसमंद में शुरू हो रहे हैं। >> (शेष पेज 06 पर)



### 2047 तक विकसित भारत के लिए 'ज्ञान' पर जोर

अमित शाह ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक संकल्प के साथ 'GYAN' के विजन को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने GYAN का अर्थ गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी बताया। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के लिए इन चारों वर्गों को ताकतवर बनाना जरूरी है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने निंबाहेड़ा में 21 फीट ऊंची अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया।



दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह में वंदे मातरम गाया जा रहा था, तभी सोनिया गांधी पीछे मुड़कर इशारा करती दिखीं। राहुल गांधी ने भी इशारे में कुछ पूछा। इसी को लेकर अमित शाह ने कमेंट किया है।




मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

उत्तर प्रदेश में पांच करोड़ घरों में तिरंगा फहराने के महायज्ञ की आज पूर्णाहुति हो रही है। **'हर घर तिरंगा' महा-अभियान में उत्साह एवं उमंग के साथ सहभागी बने आप सभी प्रदेशवासियों को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं।** प्रदेश का नवसामर्थ्य जब विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों के रूप में झलकता है, तो मन हर्षित हो उठता है।

**जब संकल्प का कोई विकल्प नहीं रह जाता, तभी असंभव लक्ष्य भी सिद्ध हो पाते हैं।** स्वतंत्रता दिवस हमें सदैव उन वीरों के ऐसे ही संकल्पों का स्मरण कराता है, जो देश के लिए हंसते-हंसते शहीद हो गए। **बाबू बंधू सिंह, खुदीराम बोस, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह एवं पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिल' जैसे मां भारती के अनेक वीर सपूतों ने युवावस्था में ही अपना सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया।**

किशोरावस्था और युवावस्था जीवन का एक स्वर्णिम दौर है। **तरुणाई अंगड़ाई लेती है और सपने आकार लेते हैं।** व्यक्तित्व का निर्माण होता है तथा कुछ कर गुजरने की लालसा बलवती होती है। यही समय तय करता है कि हमारी ऊर्जा और सामर्थ्य केवल हमारे अपने भविष्य को आकार देंगे या समाज और राष्ट्र के भविष्य को भी नई दिशा देंगे।

हमारा गौरवशाली इतिहास ऐसे अनेक दृष्टांतों से परिपूर्ण है, जब भारतीय विभूतियों ने उम्र की सीमाओं से परे जाकर देश और दुनिया को मार्ग दिखाया। **आदि शंकराचार्य ने अल्पायु में ही भारत की आध्यात्मिक चेतना को एक सूत्र में पिरो दिया। स्वामी विवेकानंद ने युवावस्था में ही भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति का संदेश विश्व मंच तक पहुंचाया।** इनका जीवन सिखाता है कि उम्र छोटी हो सकती है, लेकिन संकल्प और सामर्थ्य बड़ा होना चाहिए।

**जब मैं 26 वर्ष की अवस्था में पहली बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुआ और सार्वजनिक जीवन का व्रत लिया, तब से अब तक मेरे सामने भी राष्ट्रसेवा एवं जनसेवा के यही आदर्श सर्वोपरि रहे हैं।** आज प्रदेश सरकार युवाओं को आगे बढ़ने के लिए हरसंभव अवसर प्रदान कर रही है। विगत साढ़े नौ वर्षों में शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार और खेल के क्षेत्र में अनेक अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। **आवश्यकता है कि किशोर एवं युवा इन अवसरों का लाभ उठाएं। अपने संकल्प को राष्ट्रनिर्माण के वृहद लक्ष्य से जोड़ें और उसे सुदृढ़ करने के लिए नियमित योग एवं व्यायाम को जीवन का अंग बनाएं।** तिरंगे के मूल्यों- शौर्य, शांति और समृद्धि को अपने जीवन में उतारें। **जाति-पाति से ऊपर उठकर एकता एवं समरसता का मार्ग चुनें।**

युवा साथियों, आत्मनिर्माण से राष्ट्रनिर्माण का महती दायित्व आपके कंधों पर है। आपकी ऊर्जा, प्रतिभा, अनुशासन एवं संकल्प से ही विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण का लक्ष्य साकार होगा। यही युवा शक्ति उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी है।

आपका
योगी आदित्यनाथ



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP
उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।

**फास्ट न्यूज**

### बीआरएस ने सरकार गिराने के लिए तंत्र-मंत्र कराया

संगारेड्डी। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने शनिवार को भारतीय राष्ट्र समिति नेताओं पर कांग्रेस सरकार को बदनाम करने के लिए तंत्र-मंत्र कराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नेताओं ने राज्य में सूखा, किसानों की परेशानी और कांग्रेस सरकार के गिरने की प्रार्थना की।

**आरोप विवाद**

### बंकिमचंद्र के वंशज का आरोप-सोनिया ने किया वंदेमातरम् का अपमान

कोलकाता/नई दिल्ली। बंगाल के नैहाटी से BJP विधायक और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के वंशज सुमित्रो चटर्जी ने वंदेमातरम् के अपमान पर सोनिया गांधी से बिना शर्त माफी मांगने को कहा है। दरअसल, कल भाजपा ने आरोप लगाया था कि सोनिया ने स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस मुख्यालय में वंदेमातरम् को रुकवाने का इशारा किया था। इसका वीडियो सामने आने के बाद विवाद बढ़ गया है।

चटर्जी का दावा है कि सोनिया ने वंदेमातरम् का पूरा संस्करण गाने को लेकर असहजता दिखाई और इसे रोकने की बार-बार कोशिश की।

### राहुल बोले-सरकार के खिलाफ खड़े होने वालों की तारीफ हो

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि सरकार की हिंसा के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने वाले भारत के युवाओं का साहस सराहनीय है। उन्होंने आगे कहा कि बदसलूकी, गाली-गलौज और हिंसा का सामना करने वाली छात्राओं की भी तारीफ होनी चाहिए।

## पांच बार के विधायक ने टीएमसी ऑफिस में लगाई फांसी

# रामपुरहाट में पूर्व मंत्री आशीष बनर्जी की मौत

सुसाइड नोट मिलने से बढ़ी हलचल, पुलिस ने शुरू की जांच

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और पांच बार विधायक रहे आशीष बनर्जी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार सुबह बीरभूम जिले के टीएमसी ऑफिस में उनका शव फांसी के फंदे से लटका मिला।

आशीष बनर्जी रामपुरहाट के वार्ड नंबर-5 के हत्तलापारा इलाके में रहते थे। उनके घर के पास ही तृणमूल कांग्रेस का पार्टी ऑफिस था। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसमें उन्होंने लिखा कि मैं पार्टी के सभी गलत कामों को हमेशा स्वीकार नहीं कर पाता था, लेकिन मैं विरोध भी नहीं कर सका। मैंने अपनी पूरी जिंदगी में काम के बदले एक पैसा भी नहीं लिया है। >> (शेष पेज 06 पर)



आशीष ने लिखा कि उनकी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है और उन्होंने राजनीति में आने पर अफसोस जताया।

### सुसाइड नोट में रेत टेंडर का जिक्र, लिखा-कोई पैसे नहीं लिए

आशीष का जो सुसाइड नोट सामने आया है उसमें उन्होंने किसी रेत के टेंडर का जिक्र किया है। आशीष ने लिखा कि उन्होंने कभी भ्रष्टाचार नहीं किया और किसी काम के बदले पैसे नहीं लिए। TRDA (तारापीठ-रामपुरहाट डेवलपमेंट अथॉरिटी) के टेंडर, प्लान पास करने, NOC और चेक से जुड़े मामलों में उनकी कोई भूमिका नहीं है।

# 'रानी अवंती बाई महान क्रांतिकारी'

## देशवासियों को प्रेरणा देता है वीरांगनाओं का तप-त्याग और बलिदान :मुख्यमंत्री

**पुष्पांजलि**

- सीएम योगी आदित्यनाथ ने वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की 196वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा को अर्पित की पुष्पांजलि
- देश की आजादी के लिए वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणा

हेमन्त कृष्णा

तमसा संकेत, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सीएम ने उन्हें भारत की आजादी के प्रथम स्वातंत्र्य समर 1857 की महान क्रांतिकारियों में से एक बताया। कहा कि वीरांगनाओं का योगदान, तप, त्याग और बलिदान हम सभी को प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उनकी 196वीं जयंती है। वर्ष 1857 में वे मात्र 27 वर्ष की थीं। इस छोटी आयु में उन्होंने आजादी के संघर्ष में बलिदान कर मिसाल प्रस्तुत की। आजादी के लिए उनका बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणा है। सीएम योगी ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का आदर्श उत्तर प्रदेश के लिए प्रेरणा बन सके, इसके लिए हमारी सरकार ने यूपीपीएसी की तीन नई महिला बटालियन के गठन के कार्य को बढ़ाया और इनका नामकरण/गठन इन्हीं वीरांगनाओं के नाम पर किया। >> (शेष पेज 06 पर)



वीरांगनाओं के नाम पर किए गए कार्यों के पीछे का ध्येय है महिलाओं की सुरक्षा: सीएम योगी

### वीरांगना रानी अवंती बाई के योगदान के लिए हर भारतवासी है नतमस्तक

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी भारत की आजादी की उन महान नायिकाओं में से एक हैं, जिन्होंने अपना जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने में कोई कोताही नहीं बरती। वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ देश की आजादी के लिए युद्ध को लड़ा गया, हर व्यक्ति आज भी बड़ी श्रद्धा से उनकी स्मृतियों को नमन करता है। उनके योगदान के लिए हर भारतवासी नतमस्तक है।

**सराहना : वंदे मातरम् से जौहर विश्वविद्यालय तक, संजय निषाद ने साधे कई सियासी निशाने**

# 'शिवपाल यादव पिछड़ों के बड़े नेता'

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् से लेकर प्रदेश की राजनीति से जुड़े कई मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने वंदे मातरम् के पूरे गायन को लेकर केंद्र सरकार के कदम की सराहना की। साथ ही शिवपाल यादव, आजम खान और जौहर विश्वविद्यालय विवाद पर भी प्रतिक्रिया दी।

शिवपाल यादव को लेकर पूछे गए सवाल पर संजय निषाद ने उन्हें वरिष्ठ नेता बताया। उन्होंने कहा कि शिवपाल यादव पिछड़े वर्ग के बड़े नेताओं में शामिल हैं।



### जौहर विश्वविद्यालय पर पिछली सरकार पर सवाल

जौहर विश्वविद्यालय विवाद पर संजय निषाद ने पिछली सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन के इस्तेमाल में नियमों का पालन किया जाना चाहिए था।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में दिए गए बयानों में राष्ट्रगीत के मुद्दे के साथ प्रदेश की राजनीति से जुड़े सवाल भी प्रमुख रहे। संजय निषाद ने अलग-अलग सवालों पर अपनी स्थिति स्पष्ट की और शिवपाल यादव, आजम खान तथा जौहर विश्वविद्यालय को लेकर प्रतिक्रिया दी।

राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के पूरे गायन को लेकर संजय निषाद ने केंद्र सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत का पूरा गायन देशप्रेम और बलिदान की भावना को मजबूत करेगा।

### आजम खान पर बोले- देश में सभी को आने-जाने की स्वतंत्रता

आजम खान से जेल में मुलाकात के सवाल पर मंत्री ने कहा कि देश में हर व्यक्ति को आने-जाने की स्वतंत्रता है। उन्होंने कहा कि आजम खान के साथ अन्याय हुआ है।

### बंगाल में सीजेपी कार्यकर्ता के पिता की पिटाई से मौत

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) कार्यकर्ता शेख अब्दुल हफीज के पिता जनाब मफीक की 15 अगस्त को हमले में लगी गंभीर चोटों से मौत हो गई।

CJP के मुताबिक, मफीक 13 अगस्त को अपने गांव करिसुंडा के सरकारी स्कूल में CJP के 'स्कूल ठीक करो' अभियान में शामिल हुए थे। उन्होंने स्कूल की बदहाली का वीडियो बनाया था। उसी शाम हथियारबंद लोगों ने उनके घर में घुसकर उन्हें पीटा। CJP का कहना है कि हमलावरों ने उनसे माफी मांगते हुए वीडियो रिकॉर्ड करने को कहा। इनकार करने पर परिवार पर हमला किया गया। इसमें हफीज और उनके पिता के सिर में गंभीर चोट आई। CJP फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि अब्दुल और उनके परिवार को इंसाफ दिलाने तक चुप नहीं बैठेंगे।

# 'आज भी अधिकारों के लिए लड़ना पड़ रहा'

## अवंती बाई लोधी के बलिदान को अखिलेश ने किया नमन

**श्रद्धांजलि**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित कैपिटल सिनेमा के पास वीरांगना की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके साहस और बलिदान को नमन किया।

अखिलेश यादव ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में रानी लक्ष्मीबाई ने जिस साहस और भूमिका का परिचय दिया था, उसी तरह वीरांगना अवंती बाई लोधी ने भी देश की आजादी के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि आज सभी लोग मिलकर उनके योगदान को याद कर रहे हैं । >> (शेष पेज 06 पर)



- संविधान और समाजवादी विचारधारा का किया जिक्र
- परिसीमन से ज्यादा सीमा सुरक्षा पर हो चर्चा

# घरों में घुसा पानी, सड़कें तालाब बाइकें डूबीं

## जालौन में घुटनों तक पानी में महादेव की आरती हुई, यूपी के 35 जिलों में बारिश

**जलभराव**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज। यूपी में मानसून ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। रविवार सुबह से लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, बरेली समेत 25 शहरों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। गोरखपुर समेत 20 से ज्यादा शहरों में बादल छाए हैं। लखनऊ में तड़के 3 बजे जोरदार बारिश शुरू हुई। 5 घंटे तक लगातार बारिश हुई। शहर के कई इलाकों में सड़कों पर 3-4 फीट पानी भर गया। जलभराव में कई बाइक बंद हो गईं। गलियां तालाब बन गईं। पानी घरों और दुकानों में घुस गया। कई कार आधी डूबी नजर आईं।





इधर, प्रदेश में गंगा, यमुना समेत 11 नदियां उफान पर हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी और बरदहा नदी का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। रामघाट की सीढ़ियां डूब गई हैं। मानिकपुर में यूपी-एमपी को जोड़ने वाला छोटा पुल (रपटा) पिछले 36 घंटों से जलमग्न है। उन्नाव में गंगा का पानी घरों में घुस गया। लोग छतों पर रहने को मजबूर हैं। गलियों में नावें चल रही हैं। वाराणसी में घाट किनारे बने 100 से अधिक छोटे मंदिर डूब गए हैं। हरिश्चंद्र घाट का शवदाह स्थल भी जलमग्न हो गया है। आज यूपी के सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट है। 46 शहरों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सीएम योगी ने भी अफसरों को फील्ड पर उतरकर हालात का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र झारखंड और उत्तरी छत्तीसगढ़ के ऊपर से गुजर रहा है। जैसे-जैसे यह आगे बढ़ रहा है, कमजोर पड़ता जा रहा है। हालांकि, इसके प्रभाव से उत्तर भारत में मानसून एक बार फिर मजबूत होता जाएगा। इसका असर उत्तर प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। अच्छी बारिश हो रही है।

### फर्रुखाबाद में अस्पताल की इमरजेंसी में भरा पानी

फर्रुखाबाद में रविवार सुबह करीब 4 बजे शुरू हुई बूंदाबांदी सुबह 8 बजे जोरदार बारिश में बदल गई। लोहिया महिला अस्पताल की इमरजेंसी के गेट और अंदर की गैलरी में करीब आधा फीट पानी भर गया। मरीजों और तीमारदारों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। फतेहगढ़ और फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशनों के बीच नेकपुर पुल के नीचे करीब 150 मीटर कासगंज-कानपुर रेलवे ट्रैक पानी में डूब गया।



चित्रकूट में मंदाकिनी नदी उफान पर हैं। घाटों के ऊपर दुकानों तक पानी पहुंच गया है। आरोग्यधाम पुल के ऊपर से नदी का पानी बह रहा है।

### हरदोई में मौसम बदला, आसमान में बादल छाए तेज बारिश

हरदोई में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ली। करीब छह बजे के आसपास आसमान में बादल छाए और बारिश शुरू होने से पिछले दिन से बनी उमस का असर काफी हद तक कम हो गया। 15 अगस्त को दिनभर गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान किया था। मौसम के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार शनिवार 15 अगस्त को हरदोई में अधिकतम तापमान करीब 35 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि रात में न्यूनतम तापमान करीब 27 से 28 डिग्री के आसपास रहा।

## गोंडा में हिंदू छात्राओं ने बुर्का पहनकर डांस किया

### भोजपुरी-फिल्मी गानों पर की परफॉर्मेंस

तमसा संकेत, एजेंसी

गोंडा । गोंडा में स्वतंत्रता दिवस के स्कूल कार्यक्रम में हिंदू छात्राओं ने बुर्का पहनकर भोजपुरी और बॉलीवुड गानों पर डांस किया। रविवार शाम इसका वीडियो सामने आया। वीडियो में छात्राएं 'चोलिया के हुक राजा जी' और 'गुलाब जइसन खिलल बाड़ू' जैसे भोजपुरी गानों पर डांस करती नजर आ रही हैं। छात्राओं ने बुर्का पहन रखा था।

वीडियो सामने आने के बाद मुस्लिम और हिंदू समुदाय के लोगों ने इसका विरोध जताया। लोगों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विवाद बढ़ने के बाद स्कूल मैनेजर ने माफी मांग ली। कहा- कार्यक्रम का मकसद केवल मनोरंजन करना था। अगर इससे किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं क्षमा चाहता हूं। मामला खोंडारे थाना क्षेत्र का है। जिला बेसिक शिक्षा



अधिकारी (बीएसए) अमित कुमार सिंह ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। स्वतंत्रता दिवस पर शनिवार दोपहर 2 बजे औसनी बुजुर्ग स्थित नॉलेज बीम एकेडमी में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें छात्राओं ने अलग-अलग थीम पर परफॉर्मेंस दी।कार्यक्रम में 4-5 हिंदू छात्राओं ने बुर्का पहनकर डांस किया। इसका किसी ने वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। इसमें छात्राएं भोजपुरी और फिल्मी गानों पर स्टेज पर डांस करती नजर आ रही हैं। छात्राओं ने भोजपुरी गाने 'लगाई दिही चोलिया के हुक राजाजी' और 'गुलाब जइसन खिलल बाड़ू' पर डांस किया।

**फास्ट न्यूज**

### बेलन नदी में बहे युवक का एमपी में मिला शव

मेजा । प्रयागराज के कोरांव में बेलन नदी में बहे 20 वर्षीय मोनू चतुर्वेदी का शव 24 घंटे बाद रविवार दोपहर मध्य प्रदेश की सीमा में बरामद हुआ। शनिवार को सेल्फी लेते समय पैर फिसलने से वह साइकिल समेत नदी में गिर गया था। तेज बहाव में बहने के बाद एनडीआरएफ और गोताखोरों ने लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया।

### बीएचयू प्रोफेसर बोलीं- माफ कर दो, अब कुत्ता नहीं पालूंगी

वाराणसी । BHU की जोधपुर कॉलोनी में डॉग अटैक में गंभीर रूप से घायल 11 वर्षीय अभिनव से चार दिन बाद रविवार को प्रो. श्रद्धा सिंह मिलने पहुंचीं। उन्होंने बच्चे के माता-पिता से घटना को लेकर माफी मांगी। कहा कि अब भविष्य में कभी कुत्ता नहीं पालूंगी। इस पर बच्चे की मां ने पूछा कि चार दिन बाद क्यों आई हो, ऐसी घटना आपके बच्चे के साथ होती तो क्या करतीं। हिंदी विभाग की प्रो. श्रद्धा के कुत्ते ने बच्चे पर हमला किया था। इसमें बच्चे के सिर व चेहरे पर 50 टांके लगे थे। बच्चा अभी भी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती है।

### हनीमून पर दुल्हन को पीरियड आने पर पीटा

गोरखपुर । हनीमून पर पीरियड्स आने से नाराज पति ने पत्नी को थप्पड़ मारे और लात-घूंसों से पीटा। पति ने गुस्से में कहा- जब पता था तो हनीमून पर क्यों आई। तेरे साथ नहीं रहना है। तूने मेरा मूड खराब कर दिया। युवती का आरोप है कि पति ने उसका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर होटल कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उसकी जान बचाई।

## मदरसे में उल्टा तिरंगा फहराने का मामला क्षेत्र में बना चर्चा का विषय

### लोगो का कहना है राष्ट्रीय ध्वजा खुले आम हुआ अपमान

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जहां पूरे देश में तिरंगा फहराकर देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया गया, वहीं बाराबंकी जिले के मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में एक मदरसे में कथित रूप से उल्टा राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बताया जा रहा है कि मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बल्लोपुर चौराहे पर स्थित एक मदरसे में 15 अगस्त के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इसी दौरान लगाए गए राष्ट्रीय ध्वज के क्रम में तिरंगा उल्टा दिखाई देने की बात सामने आई। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को हुई तो मामला चर्चा का विषय बन गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर ध्वजारोहण के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के सही तरीके से लगाए जाने को लेकर



विशेष सावधानी बरती जानी चाहिए। ऐसे में तिरंगा उल्टा फहराए जाने की तस्वीर अथवा वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने इस पर आपत्ति जताई और मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने की बात कही।मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय ध्वज देश की आन, बान और शान का प्रतीक है, इसलिए ध्वजारोहण के दौरान ध्वज संहिता के नियमों का पालन किया जाना बेहद जरूरी है। हालांकि, मदरसे में तिरंगा किस परिस्थिति में उल्टा लगा और इसके पीछे क्या कारण था, यह संबंधित लोगों के स्पष्टीकरण और जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### शिवसेना नेता पिस्टल की जांच करा रहा था, तभी फायर हुआ, आजमगढ़ से मुंबई जा रहा था

# वाराणसी एयरपोर्ट पर गोली चली, 2 कर्मचारी हुए घायल

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । एयरपोर्ट पर रविवार सुबह हथियार की जांच के दौरान एक यात्री से गोली चल गई। इससे महिला समेत दो कर्मचारी घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए न्यू लक्ष्मी ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया।

घटना सुबह करीब 9:30 बजे हुई। यात्री कमलेश राय पत्नी के साथ एअर इंडिया एक्सप्रेस की IX-1810 फ्लाइट से मुंबई जा रहे थे। उन्होंने विमान में ले जाने वाले हथियार को पहले ही डिक्लेयर किया था।

हथियार की जांच के दौरान उससे एक राउंड फायर हो गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी की सूचना पर पहुंची पुलिस को कमलेश के पास से



**आजमगढ़ के रहने वाले कमलेश शिवसेना नेता हैं। वह मुंबई में पूर्व पार्षद रह चुके हैं। उन्होंने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और धनंजय सिंह के साथ तस्वीरें डाल रखी हैं।**

पिस्टल समेत 21 कारतूस मिले। करीब 5 घंटे तक पूछताछ के बाद फूलपुर पुलिस उन्हें थाने ले गई। कमलेश राय मूल रूप से आजमगढ़ में जीयनपुर के रामगढ़ गांव के रहने वाले हैं। वह मुंबई में पूर्व पार्षद रह चुके हैं। उनके बेटे रितेश राय वर्तमान में पार्षद हैं। उनकी मां प्रधान हैं। कमलेश का रामगढ़ सगड़ा में खुद का बाबू शिवपत्तर राय स्मारक महाविद्यालय कॉलेज है। वह इसके प्रबंधक हैं।



तस्वीर में कमलेश राय (दाएं) महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के साथ दिख रहे हैं।

### यात्री ने पिस्टल की सूचना पहले ही दे दी थी

वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (बाबतपुर) के डायरेक्टर पुनीत गुप्ता ने बताया- कमलेश राय अपनी पत्नी सुषमा के साथ 11.30 बजे की एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट से मुंबई जाने वाले थे। उनके पास लाइसेंसी पिस्टल थी। जांच के दौरान उनसे एक राउंड फायर हो गया। गोली पहले फर्श से टकराई और फिर पास में मौजूद महिला कर्मचारी बिहार के गया की रहने वाली सुमन (32) की जांघ में लगी। गोली के छर्रे रोहित राज के हाथ में लगे। दोनों खून से लथपथ हो गए। दोनों को तुरंत ही इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

स्वतंत्रता दिवस के चलते एयरपोर्ट को 11 से 20 अगस्त तक हाईअलर्ट जोन घोषित किया गया था। इसके बावजूद फायरिंग की घटना से हड़कंप मच गया है। एडीसीपी गोमती जोन समेत पुलिस अधिकारी और इंटेलिजेंस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

### बोलीं- मेरे पिता का साथ दिया था, इसीलिए गम में मिलने आई हूं, अबान की मौत को लेकर परिवार को ढांढस बंधाया

# प्रयागराज में अतीक के बेटे से मिलीं विधायक पल्लवी पटेल

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज में विधायक पल्लवी पटेल ने माफिया अतीक अहमद के बेटे अहजम से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मेरे पिता सोनेलाल जब मुसीबत में थे तो अतीक ने साथ दिया था। आज बेटा खत्म होने से वो परिवार गम में है। इसीलिए मैं मिलने आई हूं।

अपना दल (कमेरावादी) की विधायक पल्लवी पटेल शुक्रवार शाम 4 बजे हटवा पहुंची थीं। यहां वह अतीक की बहन परवीन कुरैशी से भी मिलीं। अबान की मौत को लेकर परिवार को ढांढस बंधाया। पल्लवी ने इस दौरान अतीक के भाई अशरफ के बच्चों से भी बात की। करीब सवा 6 बजे वो मुलाकात के बाद रवाना हो गईं। पल्लवी की अतीक के बेटे से मुलाकात की फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही है।



**सपा विधायक भी अतीक के बेटे से मिलने पहुंचे थे**

अबान के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद हटवा गांव लाया गया था। 7 अगस्त को प्रतापगढ़ के रानीगंज से सपा विधायक आरके वर्मा भी अतीक के परिवारवालों से मिलने हटवा पहुंचे थे। यहां उन्होंने अतीक के घरवालों से बातचीत की थी। आरके वर्मा ने अतीक के परिवार को तसल्ली देते हुए उन्हें ढांढस बंधाया था। इस मुलाकात पर लोगों के सवाल उठाने पर सपा विधायक ने कहा था कि क्या आफत हो गई? मेरे उस परिवार से पहले भी रिश्ते थे। दुखद घटना हुई तो मैं वहां गया।

### पल्लवी ने उमर-अली के मुकदमों का स्टेटस पूछा

अतीक के गांव हटवा में उसका बेटा अहजम और बहन परवीन कुरैशी रह रहे हैं। शुक्रवार को कौशांबी की सिराथू सीट से अपना दल (कमेरावादी) की विधायक पल्लवी पटेल समर्थकों संग अहजम से मिलने पहुंचीं। पल्लवी ने अहजम से जेल में बंद उमर और अली के बारे में जानकारी की। उनके मुकदमों और मौजूदा स्टेटस के बारे में पूछा। इसके साथ ही अबान के सुपुर्द-ए-खाक में कब्रिस्तान में कौन-कौन आया था? इसे लेकर भी बात की। पल्लवी ने कहा कि अतीक अहमद के मेरे पिता सोनेलाल पटेल से बहुत गहरे रिश्ते थे। अतीक हमारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे। वे चुनाव जीते और जनप्रतिनिधि रहे। मैं आज उनके परिवार से परेशानी के समय मिल रही।

### पल्ल्वी बोलीं- मेरे घायल पिता को अतीक ने भर्ती कराया था

पल्लवी ने कहा कि प्रयागराज में सिविल लाइंस पार्क में जब मेरे पिता सोनेलाल पटेल रैली करने आए थे। तब पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया था। मेरे पिता सोनेलाल पटेल के हाथ-पैर में फ्रेक्चर हो गया था। उस समय अतीक अहमद ही अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने ही मेरे पिता को अस्पताल में भर्ती कराया था। बाद में अतीक अहमद हमारी पार्टी अपना दल के प्रदेश अध्यक्ष बने थे। उन्होंने पार्टी के टिकट पर ही चुनाव लड़ा और जीत हासिल की थी। उस समय प्रतापगढ़ में भी अपना दल का एक विधायक जीता था। प्रयागराज में करीब 30 सीटों पर अपना दल के पार्षद चुने गए थे।

## सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में फहराया गया तिरंगा

### हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शनिवार को सूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। सरकारी एवं गैर सरकारी अस्पतालों, विद्यालयों, सरकारी कार्यालयों तथा विभिन्न संस्थानों में 15 अगस्त का पर्व पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। जगह-जगह राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान के बाद स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। ऐसे में सुबह से ही विद्यालयों और संस्थानों में कार्यक्रमों की तैयारियां शुरू हो गई थीं। निर्धारित समय पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम



की भावना प्रस्तुत की। इसी क्रम में बीआरजी पब्लिक इण्टर कॉलेज व कई विद्यालयों में विद्यार्थियों ने तिरंगा हाथ में लेकर देशभक्ति के नारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से गूंज उठा। साथ ही नेताजी विद्यालय में आकर्षक झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र नेताजी में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ आकर्षक झांकियां निकाली गईं। भगत सिंह, भारत माता, रानी लक्ष्मीबाई, राधा-कृष्ण तथा भारतीय सेना से संबंधित मनमोहक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

**अरेस्ट :** दो आरोपी गिरफ्तार चार मोबाइल फोन और पर्स बरामद, पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर भेजा जेल

# मोबाइल और बैग छीनने की घटना का खुलासा

तमसा संकेत, एजेंसी

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना पुलिस ने लालपुर-हरक्का मार्ग पर 11 अगस्त को हुई मोबाइल फोन और बैग छीनने की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से घटना से संबंधित चार मोबाइल फोन और एक पर्स बरामद किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। साथ ही उनके आपराधिक इतिहास के बारे में भी जानकारी एकत्र की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दोनों आरोपी किसी अन्य आपराधिक घटना में शामिल रहे हैं या नहीं और उनके साथ इस तरह की वारदातों में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है या नहीं।

मोहम्मदपुर खाला थाना प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि पुलिस टीम ने 11 अगस्त को हुई मोबाइल और बैग छीनने की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दोनों वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चार मोबाइल फोन और एक पर्स बरामद हुआ है।

### चार मोबाइल और पर्स बरामद

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाशी ली। इस दौरान उनके कब्जे से चार मोबाइल फोन और एक पर्स बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में लेकर उसकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद मोबाइल फोन और पर्स इसी घटना से संबंधित हैं या आरोपियों ने अन्य किसी वारदात को भी अंजाम दिया था।



**पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामकुबेर यादव पुत्र जयराम यादव तथा अभिनेत्र दीक्षित उर्फ शालू पुत्र योगेश दीक्षित, दोनों निवासी नाउनबाग टिकठा, थाना रामपुर मथुरा, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। दोनों आरोपी पुलिस की जांच में वांछित चल रहे थे।**

### मोटरसाइकिल सवारों से छीना था मोबाइल और बैग

पुलिस के अनुसार 11 अगस्त को मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के लालपुर-हरक्का मार्ग पर मोबाइल फोन और बैग छीनने की घटना सामने आई थी। आरोप है कि मोटरसाइकिल से जा रहे लोगों को निशाना बनाते हुए आरोपियों ने मोबाइल फोन और बैग छीन लिए और मौके से फरार हो गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। घटना के बाद पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्र में सुरागरसी की और संभावित स्थानों पर जांच-पड़ताल की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास की परिस्थितियों और उपलब्ध सुरागों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास शुरू किया। लगातार की गई जांच और मुखबिर तंत्र से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# एससी-एसटी मेडिकल सीटों के आरक्षण में बदलाव का विरोध

### डॉ. अंबेडकर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने अखिलेश यादव को सौंपा ज्ञापन

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं के संवैधानिक अधिकारों और आरक्षण व्यवस्था को लेकर डॉ. अंबेडकर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने आवाज उठाई है। एसोसिएशन के नेतृत्व में करीब 200 डॉक्टरों ने रविवार को लखनऊ के ईको गार्डन में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। डॉक्टरों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नाम संबोधित ज्ञापन में अपनी मांगें रखीं।

डॉ. अंबेडकर डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. देवांश देव ने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज, जालौन, सहारनपुर और अंबेडकरनगर की स्थापना एससी-एसटी वर्ग के शैक्षिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से की गई थी। उनके मुताबिक शासनादेश के तहत इन कॉलेजों में 100 एमबीबीएस सीटों का आवंटन एससी के लिए 64 प्रतिशत, एसटी के लिए 6 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 15 प्रतिशत और अनारक्षित वर्ग के लिए 15 प्रतिशत निर्धारित किया गया था।



**नीट यूजी काउंसलिंग को लेकर जताई चिंता**

एसोसिएशन का आरोप है कि वर्तमान में नीट यूजी काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान एससी-एसटी वर्ग के लिए निर्धारित 70 प्रतिशत सीट व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। डॉक्टरों ने कहा कि प्रशासनिक अनदेखी के कारण वंचित एवं मेधावी विद्यार्थियों के अधिकार प्रभावित होने की आशंका है।

एसोसिएशन ने मांग की कि एससी-एसटी वर्ग के छात्रों के लिए निर्धारित 70 प्रतिशत सीट व्यवस्था को सुरक्षित रखा जाए। इसी मांग को लेकर 16 अगस्त को ईको गार्डन में धरना आयोजित किया गया। समाजवादी पार्टी ने डॉक्टरों की मांगों का समर्थन करते हुए भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना की।

## एकलव्य स्टेडियम में संजय निषाद ने फहराया तिरंगा, कलेक्ट्रेट में डीएम ईशा प्रिया ने दी राष्ट्रध्वज को सलामी

# तिरंगे के रंग में रंगा अंबेडकरनगर

**कार्यक्रम**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जिले में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। एकलव्य स्टेडियम, कलेक्ट्रेट, पुलिस कार्यालय, नगर पालिका और एनटीपीसी टांडा समेत विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण हुआ। विद्यालयों में विद्यार्थियों ने देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एकलव्य स्टेडियम में क्रिकेट मैच भी आयोजित किया गया। संजय निषाद ने टॉस कर मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया। एनटीपीसी टांडा परिवार और टाउनशिप के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नगर पालिका परिषद अकबरपुर में चेयरमैन चंद्र प्रकाश वर्मा ने तिरंगा फहराया। अधिकारियों, कर्मचारियों और सभासदों की मौजूदगी में महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित की गई।





### पुलिस कार्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कैंप कार्यालय और क्वार्टर गार्द में ध्वजारोहण किया। गार्द ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान हुआ।

अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार ने पुलिस कार्यालय में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### एनटीपीसी टांडा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

एनटीपीसी टांडा में हेड ऑफ प्रोजेक्ट राजीव कुमार सिन्हा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के बाद कर्मचारियों, अधिकारियों, संविदाकर्मियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

**कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। राष्ट्रगान और वंदेमातरम् के सामूहिक गायन के बाद उन्होंने महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।**

**जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ जनसेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।**



### एकलव्य स्टेडियम में फहरा तिरंगा

एकलव्य स्टेडियम अकबरपुर में मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद सामूहिक रूप से वंदेमातरम् का गायन किया गया। संजय निषाद ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के त्याग व बलिदान को याद किया। उन्होंने विद्यार्थियों और युवाओं से शिक्षा, अनुशासन और परिश्रम को प्राथमिकता देने की बात कही।

समारोह में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सीडीओ ने आश्रम पद्धति विद्यालय में बच्चों से किया संवाद

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने शुक्रवार को जहांगीरगंज स्थित आश्रम पद्धति विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में अध्यनरत बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई और रुचि के बारे में जानकारी ली। साथ ही भविष्य में करियर के लिए उचित क्षेत्र और विषय के चयन को लेकर जरूरी जानकारी दी।

संवाद के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों से उनकी रुचि वाले विषयों और भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा आगे के भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण होती है। जिस क्षेत्र में करियर बनाना है, उसके अनुरूप विषय का चयन और पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन जरूरी है।

उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति सजग रहने और पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

■ **करियर को लेकर ली रुचि, जहांगीरगंज में आनंद कुमार शुक्ला ने विद्यार्थियों को पढ़ाई पर ध्यान देने और सही विषय चुनने के लिए किया प्रेरित**

मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय की व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने वहां बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

**फास्ट न्यूज**

### प्रेस क्लब में शान से लहराया तिरंगा

अंबेडकरनगर। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर शनिवार को प्रेस क्लब परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने तिरंगा फहराया। इस दौरान देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के महासचिव अहमद मेंहदी, उपाध्यक्ष बृजेंद्र वीर सिंह, ज्ञान प्रकाश पाठक, पंकज शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य सुधीर श्रीवास्तव, सावन मिश्रा और संगठन मंत्री रमाकांत पांडेय मौजूद रहे।

### पंचायत सचिव-11 ने टीचर्स-11 को तीन विकेट से हराया

अंबेडकरनगर। रगड़गंज स्थित वीसीए मैदान पर रविवार को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। आराध्या श्री फाउंडेशन के तत्वावधान में हुए मुकाबले में पंचायत सचिव-11 ने टीचर्स-11 माध्यमिक को तीन विकेट से हरा दिया। पंचायत सचिव-11 ने 99 रन का लक्ष्य 14.3 ओवर में सात विकेट खोकर हासिल किया। टीचर्स-11 माध्यमिक के कप्तान प्रदीप पांडेय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने 16 ओवर में पांच विकेट खोकर 98 रन बनाए।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में धूमधाम से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

अंबेडकरनगर। जनपद मुख्यालय के तमसा मार्ग स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल जूनियर ब्रांच में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं अहरिया स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल सीनियर ब्रांच में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित हुआ। दोनों विद्यालय परिसरों में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## अवैध शराब की सूचना पर भड़का विवाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने में दिया धरना

### 112 पुलिस और थाना प्रभारी पर अभद्रता का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता




भीटी, अंबेडकरनगर। रामपुर गिलंट बाजार में अवैध शराब की बिक्री की सूचना देने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच विवाद हो गया। भाजपा नेताओं का आरोप है कि 112 पुलिस को सूचना देने के बाद कार्रवाई के बजाय उनके साथ अभद्रता की गई। थाने पहुंचने पर भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके विरोध में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भीटी थाने पर धरने पर बैठ गए।

खजुरी मंडल के महामंत्री बाबूराम निषाद, उपाध्यक्ष कमलेश पांडेय और शक्ति केंद्र संयोजक अनिल कुमार ने रामपुर गिलंट बाजार में अवैध शराब की बिक्री की सूचना 112 पर दी थी। भाजपा नेताओं के मुताबिक, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने शिकायत करने वाले कार्यकर्ताओं से ही अभद्रता की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे मामले की शिकायत लेकर भीटी थाना प्रभारी के पास पहुंचे। आरोप है कि वहां भी उनके साथ गाली-गलौज की गई। कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उनका यह भी दावा है कि एक मोबाइल पुलिस के पास है, जिसे वापस नहीं किया गया। पुलिस के रवैये से नाराज मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता थाने पहुंचे और धरना शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई और अपना मोबाइल व अन्य सामान वापस करने की मांग उठाई है।

## अस्पताल की गिरी बाउंड्रीवाल बनी सुरक्षा का सवाल, खुले परिसर में बढ़ा खतरा

### बड़ेपुर पीएचसी में रात के समय प्रसव सेवाएं भी संचालित

■ **मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को लेकर उठी चिंता**

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जलालपुर तहसील क्षेत्र के बड़ेपुर स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बाउंड्रीवाल गिरने से परिसर की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो गई है। दीवार गिरने के बाद अस्पताल का एक हिस्सा खुला हो गया है। इससे स्वास्थ्यकर्मियों के आवास और अस्पताल आने वाले मरीजों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

बाउंड्रीवाल नहीं होने से अस्पताल परिसर में मवेशियों और अन्य जानवरों के पहुंचने की आशंका बनी हुई है। रात के समय यह स्थिति और गंभीर हो सकती है। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव केंद्र भी संचालित होता है। प्रसव के लिए रात में महिलाओं और उनके तीमारदारों का अस्पताल आना-जाना रहता है।

प्रभारी अधीक्षक डॉ. भास्कर ने बताया कि बाउंड्रीवाल गिरने से अस्पताल के आवासीय परिसर में रहने वाले स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा प्रभावित हुई है। उन्होंने जल्द बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने की मांग की है।

स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से मरीजों और तीमारदारों की आवाजाही रहती है। स्थानीय लोगों और स्वास्थ्यकर्मियों ने संबंधित विभाग से बाउंड्रीवाल का शीघ्र निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए दीवार का निर्माण जरूरी है।

## शिवबाबा धाम में कांवड़ियों के बीच पहुंचे अधिकारी

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। शिवबाबा धाम में रविवार को कांवड़ यात्रा के दौरान आयोजित भंडारे में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। अधिकारियों ने भंडारा स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में एसडीएम प्रतीक्षा सिंह और सीओ नगर नितीश कुमार तिवारी भंडारा स्थल पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने कांवड़ियों और श्रद्धालुओं से बातचीत की और स्वयं सेवा करते हुए प्रसाद वितरित किया।

अधिकारियों ने कांवड़ियों के आवागमन, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। संबंधित कर्मचारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। भंडारे में बड़ी संख्या में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों से भी व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी ली। कांवड़ यात्रा को देखते हुए शिवबाबा धाम में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने पर निगरानी रखी।

■ **एसडीएम प्रतीक्षा सिंह और सीओ नितीश कुमार तिवारी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा, सुरक्षा और सुविधा को लेकर दिए निर्देश**

# आधी रात सड़क पर उतरीं एसपी

## कांवड़ यात्रा की सुरक्षा का लिया जायजा

■ **समहरिया चौराहे पर औचक निरीक्षण, ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश**

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। शनिवार आधी रात एसपी प्राची सिंह ने थाना अलीगंज क्षेत्र के समहरिया चौराहे का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर सुरक्षा व्यवस्था और कांवड़ियों की आवाजाही के इंतजामों की जानकारी ली।

एसपी के अचानक पहुंचने से मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों में सतर्कता बढ़ गई। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों की स्थिति देखी और कांवड़ यात्रा को लेकर किए गए सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली।

समहरिया चौराहा कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही वाले प्रमुख स्थानों में शामिल है। एसपी ने मौके पर यातायात की स्थिति भी देखी और रूट व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। एसपी ने पुलिसकर्मियों को कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी से निभाएं। उन्होंने स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार पुलिस बल की तैनाती और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने को भी कहा। पुलिस की ओर से कांवड़ यात्रा के मार्गों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। आधी रात हुए निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, कांवड़ियों की सुरक्षित आवाजाही और आम राहगीरों के लिए यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

### कांवड़ियों के आवागमन में बाधा न हो

प्राची सिंह ने निर्देश दिया कि कांवड़ियों की आवाजाही के दौरान यातायात प्रभावित नहीं होना चाहिए। भीड़ बढ़ने या यातायात का दबाव होने पर तत्काल आवश्यक कदम उठाने को कहा। उन्होंने रात के समय विशेष सतर्कता बरतने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए।

# हरियाली तीज पर मेहंदी के रंग में रंगा पुलिस परिवार

## नृत्य और पारंपरिक खेलों के साथ मनाया तीज पर्व

■ **मेहंदी प्रतियोगिता में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा**

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। हरियाली तीज के अवसर पर पुलिस परिवार की महिलाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने तीज के पारंपरिक लोकगीत और भजन प्रस्तुत किए। नृत्य, मेहंदी प्रतियोगिता और पारंपरिक खेलों में भी महिलाओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने तीज से जुड़े लोकगीत और भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद नृत्य प्रस्तुति और पारंपरिक खेलों का आयोजन हुआ। महिलाओं ने कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया और तीज की परंपराओं से जुड़ी गतिविधियों में हिस्सा लिया। मेहंदी कार्यक्रम में महिलाओं ने एक-दूसरे के हाथों पर मेहंदी रचाई। प्रतियोगिता में भी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। अलग-अलग डिजाइनों से सजे हाथ कार्यक्रम का आकर्षण रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस परिवार की महिलाओं के बीच आपसी मेल-जोल और सौहार्द को बढ़ावा देना रहा। साथ ही पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों की व्यस्त दिनचर्या के बीच सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए अवसर उपलब्ध कराना रहा।

## शुभम अस्पताल में शुरू हुई कार्डियोलॉजी सेवाएं

### अब एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी की सुविधा



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। 15 अगस्त के अवसर पर शुभम अस्पताल, अंबेडकरनगर में कार्डियोलॉजी विभाग का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही अस्पताल में हृदय रोग से संबंधित कई जांच और उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

अस्पताल में अब 2डी इको, टीएमटी और ईसीजी जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा पेसमेकर, एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी की सुविधा भी शुरू की गई है।

आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों के लिए आयुष्मान योजना के तहत एंजियोप्लास्टी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। फिलहाल कार्डियोलॉजी की ये सुविधाएं शनिवार और रविवार को उपलब्ध होंगी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, एक माह बाद कार्डियोलॉजी से संबंधित ये सुविधाएं सप्ताह के सभी दिनों में उपलब्ध कराने की योजना है।

**मोर्चा : 33 प्रतिशत भागीदारी के आधार पर करीब 11 महिलाओं की हिस्सेदारी की मांग**

# भाजपा की नई जिला कमेटी पर महिला प्रतिनिधित्व का सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। भाजपा की नई जिला कार्यकारिणी के गठन के बाद पार्टी के भीतर असंतोष के स्वर सामने आने लगे हैं। भाजपा नेता धीरेन्द्र प्रताप सिंह के इस्तीफे के एक दिन बाद अब महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रिंकल सिंह ने जिला कमेटी में महिलाओं की भागीदारी का मुद्दा उठाया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने नई कार्यकारिणी में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलने पर सवाल खड़े किए।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह गांव-गांव जाकर महिलाओं को भाजपा से जोड़ने का काम करती हैं। उनके अनुसार, संगठन में सक्रिय महिला कार्यकर्ता जब पद और प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल करती हैं तो उनके सामने स्थिति स्पष्ट करना कठिन हो जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में पार्टी की जिला कार्यकारिणी में भी महिलाओं को पर्याप्त स्थान मिलना चाहिए। रिंकल सिंह ने जिला अध्यक्ष देव पटेल के पुराने कार्यकाल को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके व्यक्तिगत विवाद के दौरान देव पटेल जिला महामंत्री थे। उस समय उन्होंने रिंकल सिंह को लोहिया भवन में धरना देने के लिए प्रेरित किया था और सहयोग का आश्वासन दिया था।

रिंकल सिंह ने सवाल किया कि उस समय महिला कार्यकर्ता की आवाज के साथ खड़े होने की बात करने वाले नेता के जिला अध्यक्ष बनने के बाद नई जिला कमेटी में महिलाओं की भागीदारी इतनी सीमित क्यों रह गई।



**34 सदस्यीय कार्यकारिणी में सिर्फ दो महिलाओं को जगह मिलने पर उठाए सवाल**

### 34 सदस्यीय कमेटी में दो महिलाएं, यहीं से उठा विवाद

रिंकल सिंह के मुताबिक नई जिला कार्यकारिणी में 34 सदस्य हैं, लेकिन इसमें केवल दो महिलाओं को स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों महिलाएं एक ही विधानसभा क्षेत्र और एक ही सामाजिक वर्ग से संबंधित हैं। उन्होंने 33 प्रतिशत महिला भागीदारी के सिद्धांत का हवाला देते हुए कहा कि 34 सदस्यीय कमेटी में करीब 11 महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए था। उनका सवाल था कि लंबे समय से संगठन के लिए काम कर रहीं महिला कार्यकर्ताओं को कमेटी में पर्याप्त जगह क्यों नहीं दी गई।

## स्वतंत्रता दिवस पर स्वामी विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में भव्य आयोजन

### 21 देशभक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा समारोह

**सराहना**

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। शिक्षक कॉलोनी, दोस्तपुर रोड, शाहजादपुर स्थित स्वामी विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में रविवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कर्मयोगी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आदित्य नारायण त्रिपाठी ने ध्वजारोहण कर की। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ।

समारोह में विद्यार्थियों ने करीब 21 देशभक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों और राष्ट्र के प्रति अपनी भावनाएं प्रस्तुत कीं। बच्चों की प्रस्तुतियों को उपस्थित लोगों ने सराहा। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सोनालिका ने कार्यक्रम का संचालन किया। आयोजन की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने में सेहर, अंचल, रामजीत, फरहत और कहकशां ने सहयोग किया। कार्यक्रम में अनुशासन और व्यवस्थाओं की भी लोगों ने सराहना की। समारोह में रजत मौर्य, अखिलेश मिश्रा, मीरा उपाध्याय, खुशबू समेत कई लोग मौजूद रहे। अभिभावकों और अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। समारोह में देशभक्ति के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़े कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

# सम्पादकीय

## विकास की सप्तधारा



लाल किले की प्राचीर से लगातार 13वीं बार राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जो कुछ कहा और जिन नए कार्यक्रमों की घोषणा की, उनसे देश को विकसित बनाने की उनकी प्रतिबद्धता ही प्रकट होती है। इस अवसर पर उन्होंने जिस तरह देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों का भी उल्लेख किया, उससे यह पता चलता है कि समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता में है। ऐसा होना भी चाहिए, लेकिन यही प्राथमिकता केंद्रीय सत्ता के प्रशासन की भी होनी चाहिए।

इतना ही नहीं, इस मामले में राज्य सरकारों को भी केंद्र सरकार के साथ सहयोग करना होगा। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि केंद्र सरकार की अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन में राज्य सरकारों और उनके प्रशासन की महती भूमिका होती है। देश को विकसित बनाने का लक्ष्य तब पूरा होगा, जब केंद्र और राज्य एक टीम की तरह काम करेंगे। अभी कई बार इसका अभाव दिखता है।

देश को विकसित बनाने के लिए केवल यह आवश्यक नहीं कि समस्याओं की सही तरह पहचान हो। आवश्यक यह भी है कि उनके समुचित समाधान के तौर-तरीके विकसित किए जाएं। ऐसा तब होगा, जब सरकारी योजनाओं के अनुपालन में विश्वस्तरीय मानकों और गुणवत्ता को अपनाया जाएगा। अभी ऐसा नहीं हो पा रहा है और इसीलिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं अपेक्षित नतीजे नहीं दे पा रही हैं।

इस बार लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री ने जो घोषाणाएं कीं, उनमें प्रमुख हैं एक करोड़ युवाओं को एआई का प्रशिक्षण देना और छात्रों को ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराना। ये दोनों पहल सराहनीय और समय की मांग के अनुरूप हैं, लेकिन क्या सरकारी कोचिंग निजी कोचिंग संस्थानों के दबदबे को कम कर पाएगी? प्रश्न यह भी है कि कहीं युवाओं को दिए जाने वाले एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम का हश्र कौशल विकास जैसा तो नहीं होगा?

लाल किले से प्रधानमंत्री ने अगली पीढ़ी के सुधारों को लेकर शक्ति की सप्तधारा का जो उल्लेख किया, वह एक तरह से विकसित भारत के लक्ष्य को पाने का खाका है। इसका उद्देश्य देश की क्षमता का पूरा उपयोग करना है। सप्तधारा की पहली शक्ति मैन्यूफैक्चरिंग क्षमता, दूसरी शक्ति कृषि एवं खाद्य उत्पादन, तीसरी शक्ति प्रौद्योगिकी एवं नवाचार और चौथी शक्ति गति शक्ति है। इसका आशय कनेक्टिविटी से है। सप्तधारा की पांचवीं शक्ति रक्षा शक्ति, छठी शक्ति ग्रीन इकोनॉमी-ब्लू इकोनॉमी और सातवीं शक्ति देश की साफ्ट पावर है। इन सभी शक्तियों को बल तब मिलेगा, जब उनके इस्तेमाल में समाज के हर हिस्से की हिस्सेदारी होगी। इससे ही असमान विकास की समस्या का निदान होगा। अच्छा होगा कि इन शक्तियों का उपयोग नैतिक बल के साथ किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# विकसित भारत की असली कसौटी समृद्धि के साथ सम्मान और सुरक्षा

> महिला आरक्षण का सवाल भी केवल संसद में सीटों की संख्या का सवाल नहीं है। यह राजनीतिक प्रतिनिधित्व की उस ऐतिहासिक कमी को दूर करने का प्रयास है जिसमें महिलाएं आबादी का बड़ा हिस्सा होते हुए भी निर्णय लेने वाली संस्थाओं में लंबे समय तक कम दिखाई देती रही हैं।



विकसित भारत का सपना केवल बड़ी अर्थव्यवस्था, चौड़ी सड़कों, ऊंची इमारतों, आधुनिक बंदरगाहों और तेज रफ्तार रेल का सपना नहीं है। विकास की चमक तब तक अधूरी है, जब तक उसके उजाले में वह आदमी दिखाई न दे जो गांव के आखिरी छोर पर रहता है, वह महिला दिखाई न दे जो घर और खेत दोनों संभालती है, वह मजदूर दिखाई न दे जो शहर बनाता है लेकिन खुद असुरक्षित रहता है और वह युवा दिखाई न दे जो डिग्री लेकर भी अपने भविष्य को लेकर आश्वस्त नहीं है।

इसलिए विकसित भारत की असली कसौटी यह नहीं कि देश की सकल घरेलू उत्पाद कितनी बड़ी हो गई। सवाल यह है कि उस समृद्धि में नागरिक की हिस्सेदारी कितनी है और उसकी जिंदगी कितनी सुरक्षित, सम्मानजनक और स्वतंत्र हुई है। अगर विकास का लाभ ऊपर से नीचे की ओर रिसने की प्रतीक्षा करता रहे और अंतिम आदमी तक पहुंचने में दशकों लग जाएं, तो ऐसे विकास की सामाजिक सार्थकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

विकास का पहला अर्थ अवसर है। दूसरा अर्थ सुरक्षा और तीसरा अर्थ सम्मान। नागरिक को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और सामाजिक सुरक्षा मिले, यह किसी कल्याणकारी राज्य की कृपा नहीं, आधुनिक लोकतंत्र की बुनियादी जिम्मेदारी है। आर्थिक विकास का उद्देश्य अंततः मनुष्य के जीवन को बेहतर बनाना ही है। यदि अर्थव्यवस्था बढ़ रही हो और नागरिक का जीवन असुरक्षा, महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक विषमता से घिरा रहे तो आंकड़ों की चमक और जीवन की वास्तविकता के बीच एक खतरनाक दूरी पैदा होती है।

भारत में सामाजिक सुरक्षा का दायरा पिछले वर्षों में बढ़ा है। गरीब परिवारों के लिए खाद्य सुरक्षा, आवास, स्वास्थ्य बीमा, बैंक खाते, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और ग्रामीण रोजगार जैसी व्यवस्थाओं ने राज्य और नागरिक के संबंध को बदला है। लेकिन सामाजिक सुरक्षा को केवल योजनाओं की संख्या से नहीं मापा जा सकता। असली प्रश्न यह है कि जरूरतमंद व्यक्ति तक सुविधा बिना बिचौलिये, बिना अपमान और बिना अनावश्यक कागजी बाधा के पहुंचती है या नहीं।

गरीबी से बाहर निकलने वाला परिवार सबसे पहले जिस संकट से डरता है, वह फिर से गरीबी में गिर जाने का होता है। बीमारी, बेरोजगारी, दुर्घटना, फसल की बर्बादी या अचानक आई आर्थिक विपत्ति वर्षों की मेहनत को मिटा सकती है। इसलिए विकसित भारत में सामाजिक सुरक्षा को केवल गरीबों की सहायता के रूप में नहीं, बल्कि नागरिकों को आर्थिक झटकों से बचाने वाली व्यापक व्यवस्था के रूप में देखना होगा।

मध्यम वर्ग का प्रश्न भी इससे जुड़ा है। अक्सर सामाजिक सुरक्षा की चर्चा में गरीब और वंचित वर्ग केंद्र में रहते हैं और मध्यम वर्ग को अपने दम पर चलने वाला वर्ग मान लिया जाता है। लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, बच्चों की पढ़ाई और रोजगार की अनिश्चितता ने मध्यम वर्ग पर भी भारी दबाव डाला है। कर देने वाले नागरिक को भी यह भरोसा चाहिए कि संकट की घड़ी में व्यवस्था उसके साथ खड़ी होगी।

इसी संदर्भ में महिला शक्ति का सवाल सबसे महत्वपूर्ण हो जाता है। कोई देश आधी आबादी को केवल लाभार्थी बनाकर विकसित नहीं हो सकता। महिलाओं को विकास की लाभार्थी से विकास की निर्माता बनाना होगा। महिला की आर्थिक स्वतंत्रता परिवार की आर्थिक मजबूती भी है और समाज की लोकतांत्रिक शक्ति भी।

'लखपति दीदी' जैसे प्रयासों का महत्व इसी दृष्टि से समझना चाहिए। स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं को बचत, ऋण, उद्यम और बाजार से जोड़ने की प्रक्रिया ने गांव की महिला की भूमिका को बदलने की संभावना पैदा की है। लेकिन लक्ष्य केवल किसी महिला की आय एक निश्चित सीमा तक पहुंचाना नहीं होना चाहिए। लक्ष्य यह होना चाहिए कि महिला आर्थिक निर्णय लेने में सक्षम हो, संपत्ति पर उसका अधिकार हो, बाजार तक उसकी पहुंच हो और उसके श्रम का मूल्य उसे मिले।

पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी ने यह दिखाया है कि नेतृत्व का अवसर मिलने पर महिलाएं स्थानीय शासन की प्राथमिकताओं को बदल सकती हैं। पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और घरेलू हिंसा जैसे सवाल राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बने हैं।

अब चुनौती पंचायत से संसद तक महिला नेतृत्व की निरंतरता की है। आरक्षण रास्ता खोल सकता है, लेकिन नेतृत्व को मजबूत करने के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण, आर्थिक स्वतंत्रता और राजनीतिक स्वायत्तता जरूरी है। महिला प्रतिनिधि को केवल किसी पुरुष नेता की प्रतिनिधि बनाकर छोड़ देना महिला सशक्तीकरण नहीं है। असली सशक्तीकरण तब होगा जब वह स्वयं निर्णय लेगी, सवाल पूछेगी और जवाबदेही तय करेगी।

विकसित भारत की एक और अनिवार्य शर्त नागरिक की भागीदारी है। लोकतंत्र में नागरिक केवल चुनाव के दिन मतदाता नहीं होता। वह शासन का सहभागी है। जनगणना जैसी विशाल राष्ट्रीय प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी इसलिए महत्वपूर्ण है कि देश की नीतियां जिन आंकड़ों पर बनती हैं, उनकी विश्वसनीयता भी नागरिक की भागीदारी से तय होती है। जनगणना केवल संख्या गिनने का काम नहीं; वह यह जानने का माध्यम है कि देश किस दिशा में बदल रहा है, कहां आबादी बढ़ रही है, कहां रोजगार चाहिए, कहां स्कूल और अस्पताल चाहिए और किन क्षेत्रों में राज्य की उपस्थिति कमजोर है। नागरिक भागीदारी का अर्थ केवल सरकार की योजनाओं का लाभ लेना भी नहीं है। सड़क पर कूड़ा न फेंकना, कर देना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, कानून का पालन करना, मतदान करना, गलत सूचना से बचना और स्थानीय समस्याओं के समाधान में भाग लेना भी नागरिकता का हिस्सा है। लोकतंत्र अधिकारों से चलता है, लेकिन केवल अधिकारों से टिकता नहीं। उसके लिए कर्तव्यबोध भी चाहिए। यहीं पंचप्रण का विचार महत्वपूर्ण हो जाता है। विकसित भारत का संकल्प तभी जनसंकल्प बन सकता है जब नागरिक अपने को केवल सरकार से मांगने वाला व्यक्ति न समझे, बल्कि राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को भी पहचाने। सरकारें नीतियां बना सकती हैं, संस्थाएं खड़ी कर सकती हैं और संसाधन लगा सकती हैं; लेकिन समाज का चरित्र केवल सरकारी आदेशों से नहीं बदलता।

**कुमार कृष्णन**

## यह समस्या इसलिए...

डॉ. शैलेश शुक्ला

# विकासशील देशों में एआई सदस्यता शुल्क कम होने चाहिए




कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज केवल एक नई तकनीक नहीं रह गई है, बल्कि शिक्षा, रोजगार, शोध, व्यापार, पत्रकारिता, स्वास्थ्य, प्रशासन और संचार को बदलने वाली महत्वपूर्ण तकनीक बनती जा रही है। जिस प्रकार इंटरनेट ने सूचना तक पहुँच को व्यापक बनाया, उसी प्रकार एआई आने वाले वर्षों में ज्ञान, कौशल और उत्पादकता तक पहुँच का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनने वाला है। लेकिन इसके साथ एक गंभीर प्रश्न भी सामने है कि क्या दुनिया के सभी देशों और सभी आय-वर्गों के लोगों को एआई का समान लाभ मिल सकेगा? यदि एआई की सदस्यता शुल्क ऐसी दरों पर तय होती है जो मुख्यतः अमेरिका और यूरोप जैसे उच्च आय वाले बाजारों की भुगतान क्षमता को ध्यान में रखती हैं, तो विकासशील देशों के करोड़ों लोगों के लिए वही कीमत बहुत महंगी साबित हो सकती है। मुद्रा के स्तर पर समान कीमत का अर्थ आर्थिक रूप से समान बोझ नहीं होता। किसी विकसित देश में बीस डॉलर की मासिक सदस्यता किसी व्यक्ति की आय का बहुत छोटा हिस्सा हो सकती है, जबकि विकासशील देश के निम्न या मध्यम आय वाले व्यक्ति के लिए यही राशि उसके मासिक बजट का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकती है। इसलिए एआई सेवाओं की वैश्विक कीमत निर्धारित करते समय केवल विदेशी मुद्रा की विनिमय दर को आधार बनाना पर्याप्त नहीं है; स्थानीय आय, क्रय-शक्ति, औसत वेतन, जीवन-यापन की लागत और डिजिटल सेवाओं पर होने वाले खर्च को भी ध्यान में रखना आवश्यक है। विकासशील देशों की वास्तविक आर्थिक स्थिति को समझने के लिए प्रति व्यक्ति आय के साथ क्रय-शक्ति समता को देखना भी जरूरी है। किसी देश की प्रति व्यक्ति आय यदि विदेशी मुद्रा में कम दिखाई देती है, तो इसका अर्थ यह नहीं कि वहाँ प्रत्येक वस्तु उतनी ही महंगी है जितनी अमेरिका या यूरोप में। स्थानीय कीमतें, मजदूरी और सेवाओं की लागत अलग होती है। इसलिए क्रय-शक्ति समता किसी अर्थव्यवस्था की घरेलू क्रय-क्षमता को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम है। लेकिन एआई की कीमत तय करते समय केवल क्रय-शक्ति समता को भी अंतिम आधार नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि किसी देश की औसत आय और उसके गरीब या निम्न-मध्यम आय वाले नागरिकों की वास्तविक खर्च करने की क्षमता में बहुत अंतर हो सकता है। यही कारण है कि एक ही देश में किसी बड़े शहर के उच्च आय वाले पेशेवर और छोटे शहर के विद्यार्थी के लिए समान एआई सदस्यता शुल्क का आर्थिक प्रभाव बिल्कुल अलग हो सकता है। विशेष रूप से भारत जैसे विशाल और आय-विविधता वाले देश में स्थानीय क्रय-शक्ति के अनुरूप एआई की कीमत निर्धारित करने की आवश्यकता अधिक महसूस होती है।

यह समस्या इसलिए और गंभीर है क्योंकि दुनिया में डिजिटल असमानता अभी समाप्त नहीं हुई है। अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के वर्ष दो हजार पच्चीस के आंकड़ों के अनुसार दुनिया की लगभग तीन-चौथाई आबादी इंटरनेट का उपयोग कर रही है, लेकिन लगभग दो अरब बीस करोड़ लोग अब भी इंटरनेट से बाहर हैं और इनमें अधिकांश निम्न तथा मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के अनुसार निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में लगभग साठ प्रतिशत में इंटरनेट सेवाएँ अभी भी वहनीयता की समस्या से प्रभावित हैं। इतना ही नहीं, निम्न-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में मोबाइल इंटरनेट पर होने वाला आय का बोझ उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कई गुना अधिक है। ऐसी स्थिति में यदि इंटरनेट तक पहुँच पहले ही महंगी है और उसके ऊपर एआई की सदस्यता भी विकसित देशों के समान रखी जाती है, तो विकासशील देशों के लोगों के लिए एआई तक वास्तविक पहुँच और भी कठिन हो जाएगी। एआई को केवल मनोरंजन या अतिरिक्त सुविधा मानना अब उचित नहीं होगा। एक विद्यार्थी इसका उपयोग कठिन विषय समझने, भाषा सीखने और अध्ययन सामग्री तैयार करने में कर सकता है।

# मत होओ नाराज़

आज के समय सबसे ज़्यादा ,सरल,सुगम्य , अपना काम निकलना आदि हैं तो वो हैं नाराज़ हों जाना । नाराज़ हों जाओं काम हों जाएगा । कोई काम दो आदमियों के बीच बँटा हुआ था। प्रथम आधा एक करता था फिनिसिंग ( ख़त्म ) दूसरे साथी के जिम्मे था।पर जब भी प्रशंसा होती तो प्रथम का नाम ही नहीं आता। दूसरा ही सदा बाजी मार ले जाता। बात प्रथम को अखरने लगी । दिल पर चोट करने लगी। अवसर पा प्रथम ने उच्च अधिकारी या बड़ों आदि से कह ही दी अपने मन की व्यथा जिन्होंने तसल्ली से सुनी उसकी कथा। वे एक मिनट के लिए हुए गंभीर। फिर कहा,"मत होओ अधीर।" आराम से प्रथम को बिठाया। एक ही मार्मिक बात से समझाया कि

> मत होओ नाराज यह सोच कर कि मैं भी तो करता हूँ काम पर होता है केवल दूसरे क़ा नाम। इसको मैं किसी घटना प्रसंग से रख रहा हुँ । भरा - पुरा परिवार था । सब कुछ अच्छा चल रहा था । पिता की मती फीरी , विपरीत बुद्धी का उदय हुआ , घर का विनाश का समय शुरु होना , कर्म का योग , पुण्यायी क्षीण का समय आदि । कारण था पुत्र मेरे से हर द्रष्टि से ऊच्चा कैसे हों रहा हैं । पिता जानबुझकर ग़लती नहीं होते हुए भी नित नयी नयी काल्पनिक बातें बना बनाकर जोड़कर पुत्र को बदनाम करता और लोगों परिवार के सामने उसको नीचा दिखाने लगा । पुत्र ने सब कुछ जान समझ लिया व पिता की मानसिकता से सामने जानबुझकर पिता को ऊच्चा रखकर मान देकर काम करने लगा । पुत्र मन में कभी नाराज़ नहीं होता समभाव में रहता । काफ़ी काम वो भितर खाने कर देता और नाम पिता का होता रहता । पिता भितर ही भितर इससे बहुत ख़ुश होता और हँसता की मेरी चालाकी , कलाबाज़ी का दिमाग आदि में मैं कामयाब हो गया और मुझे उम्मीद से ज़्यादा परिणाम मिल रहा हैं । वो ख़ुशी ही उनको विनाश की और ले गई जिसका उनको भान तो हुआ पर चूँकि मैं ने उनके भितर में जमा रखा था जो उनके आसन ।

> प्रदीप छाजेड़

## व्यक्ति को ...

संजय कुमार

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से नागरिकों को मिल रही हैं गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ती दवायें

स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता तभी सार्थक मानी जाती है, जब प्रत्येक नागरिक को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार के साथ-साथ आवश्यक दवाएं भी उचित मूल्य पर उपलब्ध हों। प्रदेश में सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता स्वास्थ्य सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार बन जाती है।

व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ती दवायें उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (च्ड्ठश्रच्) के अंतर्गत प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की स्थापना की जा रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को गुणवत्ता-पूर्ण जेनेरिक दवाएं किफायती दरों पर उपलब्ध कराना, स्वास्थ्य खराब होने पर होने वाले अनावश्यक आर्थिक बोझ को कम करना तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुलभ चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना है। उत्तर प्रदेश में भी इस योजना का विस्तार तेजी से किया जा रहा है और सहकारी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से इसे जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी प्रयास किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र केवल दवा बिक्री केंद्र नहीं हैं, बल्कि आम नागरिकों को आर्थिक रूप से राहत प्रदान करने वाली एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल हैं। इन केंद्रों पर उपलब्ध जेनेरिक दवाएं गुणवत्ता के निर्धारित मानकों पर खरी उतरती हैं, किंतु इनकी कीमत बाजार में उपलब्ध अनेक ब्रांडेड दवाओं की तुलना में काफी कम होती है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को गुणवत्तापूर्ण उपचार सुलभ हो पाता है। जन औषधि केंद्रों के माध्यम से लोगों में जेनेरिक दवाओं के प्रति विश्वास भी बढ़ा है। अब अधिक से अधिक लोग चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार कम कीमत पर उपलब्ध दवाओं का लाभ उठा रहे हैं, जिससे उपचार का खर्च कम होने के साथ-साथ नियमित दवा सेवन भी संभव हो पा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में जन औषधि केंद्रों का व्यापक नेटवर्क विकसित करने के लिए प्रत्येक जनपद में कम से कम पांच प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सहकारी क्षेत्र की बी-पैक्स (प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों) को भी इस अभियान से जोड़ा गया है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों तक दवाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित की जा सके। बी-पैक्स के माध्यम से जन औषधि केंद्र स्थापित करने का उद्देश्य केवल दवाओं की उपलब्धता बढ़ाना ही नहीं है, बल्कि ग्रामीण सहकारिता संस्थाओं को जनसेवा के नए आयामों से जोड़ना भी है। जिससे गांवों में रहने वाले लोगों को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ती दवाएं उपलब्ध हो सकें। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में बी-पैक्स की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली है। योजना के अंतर्गत 971 बी-पैक्स द्वारा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने के लिए आवेदन प्रस्तुत किए गए।

## जरा हटके

## उपज की सफल...

डॉ0 सीमा गुप्ता

# औद्यानिक विकास से संवरती ग्रामीण आजीविका

### शाहजहाँपुर में अमरूद की आधुनिक खेती से आय संवर्धन की नई मिसाल

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के समग्र कृषि परिदृश्य को पारंपरिक खाद्यान्न उत्पादन से आगे ले जाकर उच्च मूल्य वाली औद्यानिक फसलों की ओर उन्मुख करने के लिए एक बहुआयामी एवं रणनीतिक कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रदेश की विविध कृषि-जलवायु परिस्थितियों (एग्रो-क्लाइमैटिक ज़ोन्स) का अधिकतम लाभ उठाते हुए औद्यानिक विकास को किसानों की आय संवर्धन, कृषि जोखिम न्यूनीकरण तथा सतत ग्रामीण आजीविका का मुख्य आधार बनाया गया है। प्रदेश सरकार का यह सुदृढ़ दृष्टिकोण न केवल कृषकों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है, अपितु पूरे राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर औद्यानिक उत्पादों के प्रमुख उत्पादक एवं निर्यातक केंद्र के रूप में भी स्थापित कर रहा है।

राज्य सरकार की यह स्पष्ट नीति है कि प्रदेश का प्रत्येक किसान पारंपरिक कृषि के साथ-साथ आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों एवं विविध नकदी फसलों को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाए। इसी क्रमबद्ध सोच को धरातल पर साकार करने का कार्य जनपद स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर एवं सक्रिय मार्गदर्शन में सुनिश्चित किया जा रहा है। जनपदों में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं, तकनीकी प्रशिक्षणों तथा संस्थागत वित्तीय सहयोग के माध्यम से किसानों को समयबद्ध रूप से उन्नत खेती की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नवीन गति प्राप्त हो रही है।

जनपद शाहजहाँपुर में इस दिशा में विशेष प्रयास किए गए हैं, जहाँ जिला प्रशासन के कुशल निर्देशन एवं रणनीतिक प्रयासों के फलस्वरूप औद्यानिक फसलों का रकबा तेजी से बढ़ रहा है। जनपद के कृषकों को केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, विशेष रूप से एकीकृत बागवानी विकास मिशन से जोड़कर उन्हें आर्थिक एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार, पारदर्शी आवेदन प्रक्रिया तथा नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ वास्तविक किसानों तक निर्बाध रूप से पहुँचे।

जनपद शाहजहाँपुर के अंतर्गत विकासखंड एवं तहसील पुवायाँ के ग्राम गगसरा पुवायाँ के प्रगतिशील किसान श्री गोविन्द सिंह (सुपुत्र श्री तारा सिंह) की सफलता की कहानी इस प्रशासनिक एवं नीतिगत प्रयास का एक अत्यंत प्रेरक और प्रत्यक्ष उदाहरण है। श्री गोविन्द सिंह ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना का लाभ उठाते हुए अपनी कृषि पद्धति को एक नया आयाम दिया और क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने।

पूर्व में श्री गोविन्द सिंह पारंपरिक कृषि पद्धतियों के अनुसार खाद्यान्न एवं पारंपरिक फसलों का उत्पादन करते थे, जिसमें अत्यधिक श्रम और सीमित आय प्राप्त होती थी। कृषि लागत में निरंतर हो रही वृद्धि और बाजार में अनिश्चित मूल्य के चलते उन्हें कई प्रकार की आर्थिक चुनौतियों एवं अनिश्चितताओं का सामना करना पड़ रहा था। कृषि को लाभप्रद और टिकाऊ व्यवसाय बनाने के उद्देश्य से उन्होंने खेती में आधुनिक तकनीकों को समाहित करने का संकल्प लिया। इसके उपरांत उन्होंने जिला प्रशासन से संपर्क स्थापित कर एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और तकनीकी मार्गदर्शन में अमरूद की सघन बागवानी करने का निर्णय लिया। जिला प्रशासन के तकनीकी परामर्श और सतत देखरेख में श्री गोविन्द सिंह द्वारा अपने प्रक्षेत्र के 2.00 हेक्टेयर क्षेत्रफल में अमरूद की उच्च गुणवत्तायुक्त एवं रोगमुक्त संकर किस्मों के पौधों का रोपण निर्धारित वैज्ञानिक मानकों के आधार पर किया गया। इस पूरी परियोजना की स्थापना में प्रति हेक्टेयर लगभग 1.50 लाख रुपये की लागत आई, जिसमें प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप अनुमन्य अनुदान सीधे लाभार्थी को सुलभ कराया गया। इस वित्तीय सहायता ने प्रारंभिक पूंजी निवेश के भार को कम कर दिया।

वैज्ञानिक देखरेख, संतुलित पोषण प्रबंधन एवं समुचित सिंचाई प्रबंधन के फलस्वरूप जब अमरूद की फसल तैयार हुई, तो उत्पादन की गुणवत्ता अत्यंत उत्कृष्ट रही। फसल के विपणन हेतु जिला प्रशासन के सहयोग से पारदर्शी बाजार व्यवस्था उपलब्ध कराई गई, जिससे आढ़तियों और थोक व्यापारियों ने कृषक के प्रक्षेत्र से ही सीधे अमरूद का क्रय किया। इसके अतिरिक्त, स्थानीय बाजारों में भी मांग के अनुसार उपज की आपूर्ति सुगमता से की गई, जिससे कृषक को परिवहन अथवा मध्यस्थों के कारण होने वाली संभावित क्षति का सामना नहीं करना पड़ा।

उपज की सफल बिक्री के उपरांत श्री गोविन्द सिंह को समस्त कृषि व प्रबंधन लागत निकालने के बाद लगभग 2.00 से 2.25 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर का शुद्ध मुनाफा प्राप्त हुआ। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि ने खेती में बढ़ती लागत और घटती आय की पुरानी धारणा को पूरी तरह निर्मूल साबित कर दिया। श्री गोविन्द सिंह की अथक मेहनत, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शासकीय सहायता के समन्वय से स्थापित यह अमरूद का बाग आज संपूर्ण शाहजहाँपुर जनपद में आधुनिक बागवानी का एक आदर्श मॉडल बन चुका है।

श्री गोविन्द सिंह की इस सफलता ने पुवायाँ क्षेत्र सहित पूरे शाहजहाँपुर के अन्य किसानों को भी गहराई से प्रभावित और प्रेरित किया है। वर्तमान में क्षेत्र के अनेक कृषक पारंपरिक फसलों के सीमित चक्र से बाहर निकलकर फल, सब्जी एवं पुष्प उत्पादन जैसी उच्च मूल्य वाली नकदी फसलों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। इससे जनपद के फसल विविधीकरण को अभूतपूर्व प्रोत्साहन मिला है और किसानों के जोखिम उठाने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

जनपद शाहजहाँपुर में जिला प्रशासन द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि एवं औद्यानिक पद्धतियों के प्रति निरंतर जागरूक किया जा रहा है।

### बच्चों के मन में गो माता के प्रति प्रेम बढ़ाने के लिए गांव गांव चलेगा अभियान, गांव-गांव तैयार होंगे 10 हजार 'गो मित्र'

# गो संरक्षण में अब जेन जी की एंट्री

**प्रशिक्षण**

- तैयार किए जाएंगे मास्टर ट्रेनर, देंगे अन्य ट्रेनर को प्रशिक्षण
- गो संरक्षण में रुचि रखने वालों को दी जाएगी वरीयता



**योगी सरकार नई पीढ़ी को बनाएगी गो संरक्षण के प्रति सजग**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार की प्रदेश में गो संरक्षण अभियान से अब नई पीढ़ी, खासकर जेन जी को भी जोड़ने की तैयारी है। गांव-गांव अभियान चलाकर युवाओं को गोवंश के संरक्षण, गो सेवा और इसके सामाजिक-आर्थिक महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए करीब 10 हजार 'गो मित्र' तैयार किए जाएंगे। पहले मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित होंगे और फिर उनके माध्यम से अन्य लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। गो संरक्षण और गो सेवा में पहले से रुचि रखने वाले लोगों को इसमें वरीयता दी जाएगी। इसके साथ ही योगी सरकार गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, प्राकृतिक खेती, महिला सशक्तीकरण, हरित ऊर्जा और रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भरता का मॉडल विकसित करने पर काम कर रही है। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गो संरक्षण को सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल किया है। सरकार का प्रयास है कि गोवंश का संरक्षण केवल गो आश्रय स्थलों तक सीमित न रहे, बल्कि इससे रोजगार और ग्रामीण समृद्धि के नए अवसर भी पैदा हों। इसी सोच के तहत गोशालाओं को गोबर और गोमूत्र आधारित उत्पादों, प्राकृतिक खेती, बायोगैस और अन्य आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है।

गोवंश संरक्षण में आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना और पोषण मिशन को भी आगे बढ़ाया गया है।

**7,500 से अधिक गो आश्रय स्थलों में 12 लाख से ज्यादा गोवंश**

उत्तर प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण और भरण-पोषण के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में साढ़े सात हजार से अधिक गो आश्रय स्थल विकसित किए गए हैं, जिनमें 12 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। किसानों की फसलों को निराश्रित पशुओं से होने वाले नुकसान को कम करने के साथ गोवंश को सुरक्षित आश्रय देना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। योगी सरकार ने गोवंश के भरण-पोषण के लिए दी जाने वाली सहायता राशि में भी वृद्धि की है। प्रति गोवंश प्रतिदिन मिलने वाली राशि को 30 रुपये से बढ़ाकर 50 रुपये किया गया है। वहीं अधिकांश गो आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था भी की गई है।

**बच्चों और युवाओं तक पहुंचेगा गो संरक्षण का संदेश**

गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि नई पहल में सबसे ज्यादा जोर बच्चों और युवाओं को गो संरक्षण से जोड़ने पर रहेगा। गांवों में अभियान चलाकर उन्हें देसी गोवंश, गो सेवा, प्राकृतिक खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गाय के महत्व की जानकारी दी जाएगी। उद्देश्य यह है कि नई पीढ़ी गो संरक्षण के पर्यावरणीय और आर्थिक पहलुओं को भी समझे। अभियान को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने के लिए मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे। ये मास्टर ट्रेनर आगे अन्य लोगों को प्रशिक्षण देंगे। इस व्यवस्था के जरिए गांव-गांव प्रशिक्षित लोगों का नेटवर्क खड़ा करने की तैयारी है। गो संरक्षण में रुचि रखने वाले लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# बंद मकानों में चोरी करने वाले 6 गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी



- कार से घूमकर दिन में करते थे रेकी, जेवर खरीदने वाला ज्वेलर्स भी दबोचा गया

लखनऊ । लखनऊ के इंदिरानगर इलाके में दिन के समय बंद मकानों की रेकी कर ताला तोड़कर चोरी करने वाले पांच आरोपियों को बादशाहखेड़ा नहर के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में इनसे चोरी का माल खरीदने वाले ज्वैलर्स का नाम सामने आया। इसके बाद चौक क्षेत्र स्थित वन टंच ज्वैलर्स से एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का माल और वारदात में इस्तेमाल वाहन बरामद किए हैं।

एडीसीपी अमोल मुरकुट ने बताया इंदिरानगर क्षेत्र में चार चोरी की घटनाएं हुई थी। लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए पुलिस टीमों को गिरोह के खुलासे के लिए लगाया गया था। 15 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि बादशाहखेड़ा नहर के किनारे बने ग्राउंड के पास चोरी की घटनाओं में शामिल कुछ लोग मौजूद हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पांच संदिग्धों को पकड़ा। उनकी पहचान अर्जुन पाण्डेय उर्फ ईशु पाण्डेय, मोहम्मद सिराज उर्फ राजू, बबलू उर्फ मनोज, अरविन्द यादव उर्फ धरविन्द्र यादव और अखिलेश कुमार गौतम के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने इंदिरानगर में हुई चोरी की घटनाओं में शामिल होना स्वीकार किया।

### नगर पालिका की सेवाएं होंगी डिजिटल और पारदर्शी, एक ही छत के नीचे मिलेंगी 18 से अधिक सेवाएं : नगर विकास मंत्री

# मऊ में बनेगा प्रदेश का पांचवां आधुनिक नागरिक सुविधा केंद्र



तमसा संकेत, संवाददाता



**लाइब्रेरी, योग, जनसुविधा और खान-पान की सुविधाओं से युक्त होगा मऊ का आधुनिक सेवा केंद्र प्रधानमंत्री मोदी जी के सुशासन मॉडल से प्रेरणा लेकर जनता की सुविधा को बनाया जा रहा प्राथमिकता : मंत्री ए.के. शर्मा**

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने आज जनपद मऊ में नगर पालिका परिषद, मऊ में बनने वाले प्रदेश के पांचवें आधुनिक नागरिक सुविधा केंद्र का भूमिपूजन किया। लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह केंद्र करीब डेढ़ वर्ष में तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने कहा कि नागरिक सुविधा केंद्र का उद्देश्य केवल भवन का निर्माण करना नहीं, बल्कि आम नागरिक को नगर पालिका की सेवाएं सरल, पारदर्शी, डिजिटल और समयबद्ध तरीके से एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अयोध्या, गाजियाबाद, गोरखपुर और लखनऊ के बाद मऊ में प्रदेश का पांचवां आधुनिक नागरिक सुविधा केंद्र बनाया जा रहा है। यह केंद्र मऊ के नागरिकों के लिए आधुनिक नगरीय सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का निरंतर प्रयास है कि शहरों में रहने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलें और उन्हें अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। ए.के. शर्मा ने बताया कि नागरिक सुविधा केंद्र को केवल सरकारी सेवाओं तक सीमित नहीं रखा जाएगा। भवन के निचले तल पर जनसुविधा केंद्र, लाइब्रेरी, खान-पान तथा योग से जुड़ी सुविधाएं भी विकसित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि केंद्र ऐसा बनाया जाएगा, जहां नागरिक अपने सरकारी कार्यों के साथ-साथ अध्ययन, स्वास्थ्य और अन्य उपयोगी गतिविधियों के लिए भी समय बिता सकें।

**केंद्र के प्रथम तल पर नागरिक सेवाओं के लिए लगभग 18 काउंटर बनाए जाएंगे**

ए.के. शर्मा ने कहा कि नागरिक सुविधा केंद्र के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, हाउस टैक्स, वाटर टैक्स तथा नगर पालिका की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित कार्य एक ही स्थान पर कराए जाएंगे। केंद्र के प्रथम तल पर नागरिक सेवाओं के लिए लगभग 18 काउंटर बनाए जाएंगे। यहां विभिन्न सेवाओं से संबंधित कार्यों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र के पूर्ण रूप से तैयार होने के बाद इसे 'वन डे गवर्नेंस' की अवधारणा के अनुरूप विकसित किया जाएगा, ताकि नागरिकों को कम से कम समय में अधिक से अधिक सेवाएं मिल सकें।

# आईपीएस आशुतोष मिश्रा की मां की लूट के बाद हत्या

### अंबेडकरनगर में घर में मिला शव, मुंह से खून निकल रहा था





बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर में रविवार दोपहर IPS आशुतोष मिश्रा की मां इंद्रावती की लूट के बाद हत्या कर दी ई। उनका शव घर के अंदर पड़ा मिला। शरीर से सोने के जेवर गायब थे। मुंह से खून निकल रहा था। परिजनों ने लूट के बाद हत्या करने की बात कही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हत्या और लूट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र का है। रूढ़ा धमरूआ गांव निवासी इंद्रावती (95) के बेटे आशुतोष मिश्रा उत्तर प्रदेश पुलिस में एसपी (मुख्यालय) के पद पर तैनात हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद आशुतोष मिश्रा लखनऊ से गांव पहुंचे हैं। शव की स्थिति देखने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, इंद्रावती के गले से सोने की चेन, सोने के दानों वाली तुलसी की माला, नाक की कील और कान के टॉप्स गायब थे। पैरों में पहनी पायल भी नहीं मिली। इसके अलावा उनके मुंह से खून निकल रहा था। इन परिस्थितियों के आधार पर परिजनों ने हत्या के बाद जेवर लूटे जाने की आशंका जताई है। मालीपुर पुलिस को घटना की सूचना रविवार करीब एक बजे दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल से जुड़े साक्ष्यों और परिस्थितियों की जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस बैरियर पर चढ़कर भाजपाइयों ने गाया वंदेमातरम

लखनऊ । लखनऊ में रविवार शाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। VVIP गेस्ट हाउस से निकलकर भाजपा कार्यकर्ता हाथों में मशाल लेकर कांग्रेस मुख्यालय की ओर बढ़े। प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम के अपमान का आरोप लगाया। पुलिस ने कांग्रेस मुख्यालय से करीब 300 मीटर पहले सुन्नी वक्फ बोर्ड के पास बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। प्रदर्शन में शामिल भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा समेत अन्य कार्यकर्ता हाथों में मशाल लेकर बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और वंदे मातरम गाया। भाजपा कार्यकर्ता लगातार कांग्रेस कार्यालय की ओर जाने की मांग कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। रोहित मिश्रा ने कहा कि वंदे मातरम के सम्मान में भाजपा मैदान में है। किसी भी हाल में राष्ट्रीय गीत का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना बनी दिव्यांगजनों का मजबूत संबल

# दिव्यांगजनों को डिजिटल सशक्त बना रही योगी सरकार

- ब्रेल किट और स्मार्ट केन से आसान हुआ दिव्यांगजनों का दैनिक जीवन
- जरूरत के मुताबिक ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर और अन्य उपकरण उपलब्ध
- 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता वाले पात्र लाभार्थियों को मिल रहा लाभ



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर, सम्मानजनक और सुविधाजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के माध्यम से पात्र दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप कृत्रिम अंग एवं विभिन्न सहायक उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बदलते समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजना को आधुनिक तकनीक से भी जोड़ा गया है, जिसके तहत पात्र लाभार्थियों को स्मार्टफोन, टैबलेट और डेजी प्लेयर जैसे डिजिटल उपकरण भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को उनकी शारीरिक आवश्यकता एवं चिकित्सकीय संस्तुति के आधार पर विभिन्न प्रकार के उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। इनमें ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, एमआर किट, ब्रेल किट, एडीएल किट, वॉकर, रोटेटर और स्मार्ट केन सहित अनेक सहायक उपकरण शामिल हैं। दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए ब्रेल किट एवं स्मार्ट केन जैसे उपकरण दैनिक जीवन को अधिक सुगम बनाने में सहायक हैं, जबकि गतिबाधित दिव्यांगजनों के लिए ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर एवं अन्य मोबिलिटी उपकरण आवागमन और स्वतंत्र गतिशीलता को बढ़ावा देते हैं। चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग भी उपलब्ध कराए जाते हैं। वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत पात्र दिव्यांगजनों को 15 हजार रुपये तक की लागत वाले निर्धारित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं।

**स्मार्टफोन और टैबलेट से बढ़ी डिजिटल पहुंच**

डिजिटल युग में शिक्षा, संचार, सूचना और सरकारी सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाने के उद्देश्य से योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांगजनों को स्मार्टफोन एवं टैबलेट जैसे डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे विशेष रूप से दिव्यांग छात्र-छात्राओं और युवाओं को ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल संचार, अध्ययन सामग्री तथा विभिन्न ऑनलाइन सरकारी सेवाओं एवं सूचनाओं तक पहुंच बनाने में मदद मिल रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 34,420 पात्र दिव्यांगजनों को विभिन्न कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए गए हैं। डिजिटल उपकरणों को योजना से जोड़ने से दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण को तकनीक का नया आयाम मिला है।

# 2 सगे भाइयों ने चाय की कैंटीन में लगाई आग

### छोटे भाई से विवाद के बाद पेट्रोल लेकर लखनऊ पहुंचे

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ के कैसरबाग क्षेत्र के मछली मोहाल में 2 सगे भाइयों ने विवाद के बाद चाय की कैंटीन में आग लगा दी। पीड़ित कैंटीन संचालक मोनिश ने कैसरबाग थाने में तहरीर देकर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मछली मोहाल कैसरबाग निवासी मोनिश के मुताबिक, जम्बूरखाना स्थित मकान नंबर 117/112 में उसकी चाय की कैंटीन है। कैफ राशिद और सैफ राशिद पुत्र राशिद अली सिद्दीकी, निवासी जम्बूरखाना के छोटे भाई से उसका चाय को लेकर विवाद हो गया था।

इसी विवाद के चलते 15 अगस्त की रात करीब 11:50 बजे कैफ राशिद और सैफ राशिद कैंटीन पहुंचे। दोनों ने साथ में लाया पेट्रोल छिड़कर कैंटीन में आग लगा दी। पूरी कैंटीन जलकर राख हो गई। मोनिश के अनुसार, दोनों भाइयों का पेट्रोल छिड़कर आग लगाने का वीडियो भी मिला है। इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी मिश्रा के अनुसार, रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। एक आरोपी सैफ राशिद को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश जारी है। वहां मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बनाया जिसमें साफ तौर पर आरोपी युवक दुकान में घुसकर पेट्रोल छिड़कते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद दुकान में आग लगा देते हैं। आग लगने से दुकान के अंदर रखा सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

### निर्देश : ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से पिछले वित्तीय वर्ष में वसूला 474 करोड़ का प्रशमन शुल्क

# सड़क सुरक्षा व शून्य मृत्युदर की दिशा में परिवहन विभाग ने उठाए कड़े कदम

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सड़क दुर्घटनाओं में शून्य मृत्युदर का लक्ष्य पाने का दे चुके हैं निर्देश
- चालू वित्तीय वर्ष के चार महीने में 5 लाख चालान किए और 172 करोड़ रुपये लगाया जुर्माना
- परिवहन विभाग की कार्रवाई का उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति अनुशासन बढ़ाना

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ती वाहन संख्या के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर योगी सरकार का फोकस लगातार बढ़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और शून्य मृत्यु दर की दिशा में विभिन्न अवसरों पर विभागों को जरूरी निर्देश देते रहे हैं। इसका असर सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों के पालन को लेकर परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्रवाई में भी दिखाई दे रहा है। बीते वित्तीय वर्ष में 474 करोड़ रुपये और चालू वित्तीय वर्ष में 172 करोड़ रुपये प्रशमन शुल्क (जुर्माना) वसूला गया है। इस अवधि में 20 लाख से ज्यादा चालान भी किए गए हैं। अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) केडी सिंह गौर ने कहा कि सड़क पर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने और यातायात नियमों का पालन कराना परिवहन विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसी क्रम में विभाग के प्रवर्तन दल ने नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रदेशभर में अभियान चलाया। कार्रवाई का उद्देश्य महज जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदार बनाना और सड़क सुरक्षा को मजबूत करना है। परिवहन विभाग के मुताबिक इस सख्ती का व्यापक उद्देश्य वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति अनुशासन बढ़ाना है। नियमों का पालन होने से सड़क पर ओवरस्पीडिंग, बिना जरूरी दस्तावेज वाहन चलाने, क्षमता से अधिक सवारी या माल ढोने और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन जैसी स्थितियों पर प्रभावी नियंत्रण में मदद मिलती है।

**15 लाख चालान के जरिए 474 करोड़ का जुर्माना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल ने प्रदेशभर में करीब 15 लाख चालान किए। इन कार्रवाई के माध्यम से 474 करोड़ रुपये का प्रशमन शुल्क वसूला गया। यह बड़े पैमाने पर की गई प्रवर्तन कार्रवाई को दर्शाता है, जिसके जरिए सड़क पर नियमों का पालन सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया।

> **वहीं, चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के शुरुआती चार महीनों में ही करीब 5 लाख चालान किए जा चुके हैं। इन कार्रवाई से 172 करोड़ रुपये का प्रशमन शुल्क प्राप्त हुआ है। इससे साफ है कि सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग की निगरानी और प्रवर्तन कार्रवाई लगातार जारी है।**

### शरीर से धुआं उठा, बेहोश होकर छज्जे पर लटकी रही

# हाईटेंशन लाइन से महिला 5 मिनट जली

**छत पर कपड़े सुखाने गई थी**

तमसा संकेत, एजेंसी



सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ में रविवार सुबह 9 बजे एक महिला हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। वह घर के छज्जे पर करीब 5 मिनट तक तार से चिपकी रही। करंट लगने से उसके कपड़े जल गए। शरीर से धुआं निकलता रहा। महिला लगातार तड़पती रही।

महिला को तार से चिपका देखकर आसपास के लोगों ने पावर हाउस में फोन किया। बिजली सप्लाई बंद कराई। इसके बाद महिला को तार से अलग कर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना सरोजनीनगर क्षेत्र की है। सरोजनीनगर की जयराजपुरी कॉलोनी में रहने वाले संदीप रावत घरों में वाई-फाई लगाने का काम करते हैं। साथ में पत्नी मीरा (35) और छोटे भाई प्रदीप रावत रहते हैं। उनकी मीरा से 10 साल पहले शादी हुई थी। दोनों के कोई संतान नहीं हैं। रविवार सुबह संदीप घर में सो रहा था। प्रदीप शनिवार को महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन गया था।

सुबह करीब 9 बजे मीरा कपड़े धोने के बाद उन्हें सुखाने दूसरी मंजिल की छत पर गई थी। कपड़े डालते समय उसका दुपट्टा पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से छू गया। करंट लगते ही मीरा बाउंड्री के बाहर छज्जे पर गिर गई।

### 7 महीने पहले शादी हुई, पति से झगड़े के बाद मायके में रहती थी पुलिस ने क्लिनिक के अंदर और बाहर के फुटेज खंगाले हैं

# महिला डॉक्टर की लाश अपनी ही क्लिनिक में मिली

**पूछताछ**

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ में एक महिला डॉक्टर का शव रविवार सुबह उनकी ही क्लिनिक में फंदे से लटका मिला। डॉक्टर के छोटे भाई ने पुलिस को बताया कि दीदी की हत्या की गई है। उसके दोनों हाथ बंधे हुए थे। वह आज सुबह 6.15 बजे घर से निकली थीं। मैं किसी काम से क्लिनिक आया तो घटना का पता चला।

डॉक्टर खुशहाली BSF में कॉन्स्टेबल थीं। दो साल पहले उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी। इसके बाद से पल्लवपुरम फेस-2 में आयुर्वेदा एंड नेचुरल सेंटर नाम से क्लिनिक चला रही थीं। 7 महीने पहले खुशहाली की शादी हुई थी। पति से झगड़े के बाद वो मायके में रहने लगी थीं। पुलिस क्लिनिक के सीसीटीवी जुटाकर घटना की जांच में जुटी है।



डॉ. खुशहाली, मृतक

पुलिस ने क्लिनिक के अंदर और बाहर के फुटेज खंगाले हैं। परिवार वालों से पूछताछ की है।

रजत ने बताया कि वह सुबह करीब 10.30 बजे किसी काम से बहन की क्लिनिक पहुंचा। वहां देखा कि खुशहाली का शव दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका था। उसके दोनों हाथ बंधे हुए थे। हालांकि, क्लिनिक का कोई स्टाफ तब तक नहीं पहुंचा था। मैंने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पहुंची पुलिस ने बहन का शव उतरवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। रजत ने पल्लवपुरम थाने में बहन के पति मयंक और उसके घरवालों के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में एप्लिकेशन दी है। भाई ने बताया- बहन की हत्या की गई है। परिवार वालों ने मौत को लेकर सवाल उठाए हैं। हालांकि, पुलिस अभी हाथ बंधे होने की बात से इनकार कर रही है।

### मेट्रोमोनियल साइट से तय हुई थी महिला डॉक्टर की शादी

आयुर्वेद की डॉ. खुशहाली (26) पल्लवपुरम के सी-54 रायल पार्क एक्सटेंशन की रहने वाली थीं। उनकी शादी 14 जनवरी, 2026 को टीपीनगर के ईरश गार्डन निवासी मयंक चौधरी से हुई थी। मयंक भी आयुर्वेद का डॉक्टर है।

खुशहाली के पिता BSF में दरोगा हैं। वह इस समय दिल्ली में तैनात हैं। भाई रजत सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहा है। एक बहन भी है। पुलिस की जांच में सामने आया कि घरवालों ने खुशहाली की शादी मेट्रोमोनियल साइट के जरिए तय की थी।




### 29 जुलाई की रात पति ने पीटा, बचकर भागी खुशहाली

भाई रजत ने बताया- शादी के कुछ समय बाद ही खुशहाली और मयंक के बीच झगड़ा होने लगा। पति मयंक ने 10 लाख से ज्यादा का लोन खुद पर और बहन के नाम ले रखा था। इसके बाद खुशहाली के नाम और लोन लेने वाला था। बहन जबभी इसका विरोध करती तो मयंक उसकी पिटाई करता था। 29 जुलाई की रात मयंक से बहन का झगड़ा हुआ। मयंक ने उसे खूब पीटा था। इसके बाद बहन बचकर भागी और टीपीगनर में बागपत रोड पर पहुंचकर हम लोगों को सूचना दी। रजत ने बताया कि मैं बागपत रोड पर पहुंचा तो बहन कारों के बीच में छिपकर बैठी थी। उसे फिर घर ले आया।

# 'एक लाख सरकारी स्कूल किस मुसलमान ने कराया बंद'

तमसा संकेत, एजेंसी

सुलतानपुर । सुल्तानपुर में आम आदमी पार्टी के सासंद संजय सिंह ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी 'नफरत के सबसे बड़े मास्टर' हैं। उन्होंने सवाल पूछा कि देश में बंद हुए एक लाख सरकारी स्कूल किस मुसलमान ने बंद किए हैं, उसका नाम बताएं।

संजय सिंह ने कहा कि उन्हें खुशी है कि जेन-जी और जेन-अल्फा युवा जाग रहा है और सड़कों पर आ रहा है। उन्होंने इसका कारण स्कूलों की खराब सड़कें और जर्जर कमरे बताए। संजय सिंह ने रविवार की शाम 4 बजे अपने घर पर पीसी करके सरकार को घेरा।

युवाओं की जागरूकता पर खुशी जताई और कहा कि जेन-जी और जेन-अल्फा सड़कों पर आ रहे हैं, क्योंकि उनके स्कूलों की सड़कें और कमरे जर्जर हैं। जयसिंहपुर के राहीलपारा के एक सरकारी स्कूल का उदाहरण दिया। कहा कि ये केवल कागजों पर चल रहा है। उन्होंने इसके लिए 'हिंदू-मुसलमान' की राजनीति को जिम्मेदार ठहराया।



■ सुल्तानपुर में आप सांसद संजय सिंह बोले- मोदी-योगी नफरत के सबसे बड़े मास्टर

प्रधानमंत्री के लालकिले से दिए गए स्वतंत्रता दिवस भाषण को 'झूठ और जुमलों की बौछार' बताया। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब तक यह समय आएगा, प्रधानमंत्री की उम्र 100 साल हो जाएगी और उनसे कोई नहीं पूछेगा कि विकसित भारत बना या नहीं।

**फास्ट न्यूज**

### राह चलते युवक से मोबाइल झपटा

आगरा। आगरा के एत्माद्दौला क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाश राहगीर का मोबाइल झपटकर फरार हो गए। वारदात घाट चौराहे के पास हुई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहीद नगर निवासी अमर सागर ने बताया कि 29 जुलाई की शाम वह ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे। घाट चौराहे के पास पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया।

### कानपुर में बीजेपी कार्यकर्ता मशाल लेकर कांग्रेस कार्यालय पहुंचे

कानपुर । कानपुर में रविवार शाम 6:30 बजे भाजपा कानपुर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बीजेपी युवा मोर्चा ने शहर के कांग्रेस कार्यालय, मेस्टन रोड पर मशाल जुलूस लेकर पहुंचे। कार्यालय के पास पहुंचकर भाजपाइयों ने वंदे मातरम् का गायन किया। भाजपा नेताओं का कहना है कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस मुख्यालय, दिल्ली में जिस तरह से वंदे मातरम् के गायन के दौरान कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने एतराज जताया, वह वंदे मातरम् का अपमान है। इसलिए आज विरोध करते हुए आक्रोश प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई।

### गाजीपुर की सभी 7 सीटें जीतेगी भाजपा

गाजीपुर । गाजीपुर में लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री बृजेश सिंह का रविवार शाम करीब 5 बजे महाराजगंज के पास गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। रसड़ा से वाराणसी जाते समय हुए अभिनंदन कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा गाजीपुर की सभी सात विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी और 2017 के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ देगी।

# युवक की चाइनीज मांझे से कटकर गर्दन लटकी, मौत

### हड्डी तक कटी, बाइक पर बैठे-बैठे जान गई गाजियाबाद में हाईवे पर हादसा

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद । गाजियाबाद में चाइनीज मांझे से गर्दन कटने की वजह से एक युवक की मौत हो गई। वह शनिवार शाम 6 बजे बाइक से जा रहा था, तभी अचानक उसके गले में चाइनीज मांझा फंस गया। बाइक की रफ्तार तेज होने की वजह से उसकी गर्दन कट गई। सड़क पर खून फैल गया।

पुलिस के मुताबिक, युवक अपने दोस्त के साथ बाइक से नोएडा से निकला था। दोनों दिल्ली के गाजीपुर जा रहे थे। रास्ते में नेशनल हाईवे-9 पर कौशांबी थाना क्षेत्र के पास हादसा हो गया। मांझा इतना धारदार था कि युवक के गर्दन की हड्डी तक कट गई। जिससे गर्दन लटक गई।

पीछे बैठे दोस्त ने किसी तरह बाइक संभाली और चीख-पुकार मचाकर आसपास के लोगों से मदद मांगी। इसके बाद उसने गमछे से युवक के गले को बांधा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



बिहार के खगड़िया का रहने वाला रविराज (25) नोएडा सेक्टर-63 के बहलमपुर में किराए पर रहता था। ऑनलाइन डिलीवरी का काम करता था। शनिवार को वह अपने दोस्त नरेश के साथ बाइक से घूमने निकला था। बाइक रविराज ही चला रहा था और उसने हेलमेट भी पहन रखा था। रवि और नरेश नोएडा के सेक्टर-43 कट से एनएच-9 पर चढ़े, तभी रविराज चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही कौशांबी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल रविराज को तुरंत वैशाली स्थित मैक्स अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलने पर एसीपी इंदिरापुरम सूर्यबली मौर्य भी अस्पताल पहुंचे।

### गाड़ी की एंट्री को लेकर हुआ विवाद, एमएलए बोले- पुलिस तानाशाही कर रही

# वृंदावन में भाजपा विधायक और डीएसपी के बीच बहस

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। वृंदावन में शनिवार (15 अगस्त) को भाजपा विधायक अनिल पाराशर और ड्यूटी पर तैनात DSP अमित पाठक के बीच तीखी बहस हो गई। हरियाली तीज पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने से शहर में ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई थी। सौ शैया तिराहे से सिर्फ परमिशन वाली गाड़ियों को ही आगे जाने दिया जा रहा था।

अलीगढ़ की कोल सीट से भाजपा विधायक अनिल पाराशर बांके बिहारी के दर्शन के लिए वृंदावन जा रहे थे। इसी दौरान शाम करीब 8 बजे उनका काफिला सौ शैया तिराहे पर पहुंचा तो ड्यूटी पर तैनात DSP अमित पाठक ने गाड़ियों की एंट्री को लेकर जानकारी मांगी। इसी बात पर विधायक नाराज हो गए और दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।



घटना का करीब 1 मिनट 13 सेकंड का वीडियो रविवार को सामने आया है। वीडियो में विधायक अनिल पाराशर पुलिस पर तानाशाही का आरोप लगा रहे हैं। वहीं, डीएसपी काफिले में शामिल गाड़ियों की एंट्री को लेकर जानकारी देने की बात कही। हालांकि, वहां पर मौजूद दूसरे पुलिस अधिकारी ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद विधायक अपनी गाड़ी में बैठकर बांके बिहारी का दर्शन करने के लिए रवाना हो गए।



### भीड़ को देखते हुए लागू थी ट्रैफिक व्यवस्था

दरअसल, हरियाली तीज पर वृंदावन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इसे देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने शहर में ट्रैफिक को लेकर व्यवस्था की थी। कई जगह बैरिकेडिंग की गई थी। गाड़ियों की एंट्री पर भी रोक लगाई गई थी। सौ शैया तिराहे पर हाथरस के सिकंदराराऊ सर्कल में तैनात DSP अमित पाठक की ड्यूटी लगाई गई थी। यहां पुलिसकर्मी वाहनों की एंट्री और ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे थे।

इसी दौरान अलीगढ़ की कोल सीट से भाजपा विधायक अनिल पाराशर अपने काफिले के साथ वहां पहुंचे। वह वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे थे।

### मेरठ में 5 मिनट लेट आने पर पीटा था, लोग बोले- सोसाइटी से बाहर निकालेंगे

# डिलीवरी बॉय को पीटने वाला यूको बैंक का मैनेजर गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ में डिलीवरी बॉय की पिटाई करने वाले यूको बैंक मैनेजर यमन कंसल (34) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार रात डिलीवरी बॉय गंगा हाइट्स' सोसाइटी में ब्लिंकिट का ऑर्डर डिलीवर करने में 5 मिनट लेट हो गया था। इसी बात पर भड़के बैंक मैनेजर ने गाली-गलौज करते हुए डिलीवरी बॉय को लात-घूसों से बुरी तरह पीटा था। घर के अंदर ले जाकर अधमरा कर दिया था। उसका मोबाइल छीन लिया था। पत्नी से छेड़छाड़ के आरोप में जेल भिजवाने की धमकी दी थी। डिलीवरी बॉय किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकला था। अगले दिन यानी शनिवार सुबह पुलिस स्टेशन पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने FIR दर्ज कर देर रात आरोपी बैंक मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया। घटना का साढ़े तीन मिनट के CCTV में डिलिवरी बॉय अमित यादव गंगा हाइट्स बिल्डिंग के फ्लैट नंबर 110 पर पहुंचता दिखाई दे रहा है। वह फ्लैट की बेल बजाता है। दरवाजा खुलने पर अंदर से बैंक मैनेजर यमन बाहर आता है। कहता है कि तमीज नहीं है तेरे को बात करने की। क्या कह रहा था कि वेट करो, ये करो, वो करो। अपने आप को तू क्या समझता है। ज्यादा बड़ा नबाव है। उतारू नबावी अभी। रिकार्डिंग विकार्डिंग सब निकाल दूंगा। एक मिनट में सब समझ जायगा। ज्यादा होशियारी दिखा रहा। इसी बीच अंदर से यमन की पत्नी बाहर निकलकर आती है। वो यमन को इशारा करती है कि सीसीटीवी लगा है। फिर यमन डिलीवरी बॉय को घर के अंदर ले जाता है। अंदर से पति-पत्नी के चिल्लाने की आवाजें आती हैं।



**पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी भी सामने आया है। घटना के बाद सोसाइटी के लोगों का कहना है कि मैनेजर ने पूरी सोसाइटी को बदनाम किया है। अब वे उसे यहां नहीं रहने देंगे। मामला जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित गंगा नगर का है।**



### पीड़ित बोला- झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी

ब्लिंकिट के डिलीवरी बॉय अमित यादव ने बताया- करीब एक साल से डिलिवरी बॉय का काम कर रहा हूं। साथ में 12वीं की पढ़ाई भी करता हूं। शुक्रवार को ऑर्डर लेट होने पर कस्टमर का फोन आया था। मैंने कहा कि ऑर्डर 5 मिनट लेट है। इस पर उन्होंने कहा कि 15 मिनट लेट हो चुका है। मैंने कहा कि आपके ऐप पर ऑर्डर लेट होने की वजह शो हो रही होगी। ऑर्डर पैक होते ही लेकर आ जाऊंगा। उन्होंने कहा- घर आ जा, फिर बताता हूं। अमित के मुताबिक, घर पहुंचते ही आरोपी ने उसका फोन भी छीन लिया। कहने लगा कि मेरी बीवी के साथ बदतमीजी कर रहा है। तेरे ऊपर रेप का केस लगा दूंगा। तूने उसे छेड़ा है।

# बिना लाइसेंस भंडारण पर मुकदमा दर्ज, गोदाम सील

### फतेहपुर में अवैध उर्वरक गोदाम पर छापा

तमसा संकेत, एजेंसी

फतेहपुर । फतेहपुर के बिंदकी तहसील में कृषि विभाग की टीम ने रविवार शाम करीब 5 बजे एक अवैध उर्वरक गोदाम पर छापा मारा। नायब तहसीलदार के साथ की गई इस कार्रवाई में बड़ी मात्रा में बिना लाइसेंस के भंडारित उर्वरक बरामद हुआ। टीम ने मौके पर ही गोदाम को सील कर दिया और बरामद उर्वरकों को राज्य सरकार के पक्ष में जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

कृषि अधिकारी नरोत्तम कुमार ने बताया कि विभाग को बिंदकी के भोलेपुरवा गांव में अवैध रूप से उर्वरकों के भंडारण और कालाबाजारी की सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर उर्वरक निरीक्षक बिंदकी रंजीत कनोजिया ने नायब तहसीलदार राहुल कुमार और पुलिस बल के साथ गोदाम पर छापा मारा। जांच के दौरान



गोदाम से 53 बोरी डीएपी, 120 बोरी यूरिया और 180 पैकेट सल्फर बरामद हुए। यह गोदाम घेरा, विकासखंड खजुआ निवासी कौशल किशोर पुत्र लाल बहादुर के नाम से संचालित पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी उर्वरक की दुकान करीब एक किलोमीटर दूर है, लेकिन जिस स्थान से उर्वरक बरामद हुआ, उसके लिए कोई वैध लाइसेंस या संबंधित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए जा सके। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बिना लाइसेंस उर्वरकों का भंडारण करना उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7 व 8 का स्पष्ट उल्लंघन है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'सोनिया जी आपके ...

कांग्रेसियों में जरा भी शर्म बची है तो हाथ जोड़कर बंकिम बाबू की अमर आत्मा और जनता से माफी मांगनी चाहिए।

इसके बाद अमित शाह अलवर पहुंचे, जहां ने सरस डेयरी के नए प्लांट का शिलान्यास किया। साथ ही जयपुर डेयरी को आधुनिक करने के काम का भी शिलान्यास किया। अमित शाह ने कहा- राजस्थान में एक दिन में 11 हजार 953 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण- शिलान्यास हुआ है। इसे कहते हैं डबल इंजन की सरकार।

शाह ने कहा- गहलोत जी और उनके नेता झगड़ा लगाने में ही लगे हैं। मैं आज कह जाता हूं कि कांग्रेस वालों,आपका सूपड़ा साफ होने वाला है। अमित शाह ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक संकल्प के साथ 'GYAN' के विजन को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने GYAN का अर्थ गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी बताया। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के लिए इन चारों वर्गों को ताकतवर बनाना जरूरी है।

शाह ने कहा- जब मैं सभा में आ रहा था तो भूपेंद्र जी ने महिलाओं से बात कराई। वे मीणा समाज की थीं। मैंने उनसे पूछा कि दूध का पेमेंट कब मिलता है? उन्होंने कहा 15 दिन में मिलता है। मैंने कहा-डेढ़ साल में सरस डेयरी हर सात दिन आपके अकाउंट में चेक डालेगी।

अमित शाह ने कहा- गहलोत जी और उनके नेता, प्रदेश अध्यक्ष और विपक्ष के नेता झगड़ा लगाने में ही लगे हैं। मैं आज कह जाता हूं कि राजस्थान की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को चुना है। कांग्रेस वालों, आपका सूपड़ा साफ होने वाला है।

अमित शाह बोले- अटल जी की आज पुण्यतिथि है। अलवर मेडिकल कॉलेज का नाम श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से घोषित किया जाता है। अटल जी को देश का हर गांव प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के नाम से याद करता रहेगा। पूरा देश उन्हें सुशासन के लिए भी याद करेगा और राजस्थान सहित पूरा देश पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणु शक्ति बनाने के लिए भी अटल जी को याद करेगा। मैं आज इस मंच से अटल जी को पूरे देश की ओर से और अलवर के सभी लोगों की ओर से हृदयपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

अलवर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सरस डेयरी के नए प्लांट का शिलान्यास किया। करीब 200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह प्लांट प्रतिदिन 3 लाख लीटर दूध प्रोसेसिंग की क्षमता का होगा। साथ ही शाह ने करीब 133 करोड़ रुपए की लागत से जयपुर डेयरी को आधुनिक करने के काम का भी शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बोले- हमारे कार्यकाल में अब तक 410 परीक्षाएं हुई हैं। इनमें एक भी परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ है। हम 1 लाख 89 हजार पदों पर नियुक्तियां दे चुके हैं। 1 लाख 22 हजार की प्रक्रिया चल रही है। अब 70 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती निकाली है।

### दौरे से पहले कांग्रेस...

इसके साथ फलोदी, बालोतरा, डीडवाना और प्रतापगढ़ में चार जिला बैंकों की शुरुआत भी आज की गई। किसानों को सभी बैंकों से जीरो प्रतिशत ब्याज वाला ऋण मिलेगा।

उन्होंने कहा- सुबह चित्तौड़गढ़ में 5,500 करोड़ रुपए के काम करके आया और यहां अलवर में 6 हजार 453 करोड़ रुपए के विकास कार्य हुए। एक दिन में 11 हजार 953 करोड़ रुपए के काम हुए। इसे कहते हैं डबल इंजन की सरकार।

### रामपुरहाट में पूर्व मंत्री...

बंगाल सरकार में मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने कहा- 'यह आत्महत्या है या हत्या, इसकी जांच पुलिस करेगी। मैं आज भी कहूंगी कि तृणमूल कांग्रेस में सभी लोग खराब नहीं हैं। शायद 0.00001% अच्छे लोग अब भी वहां हैं, जो बोल नहीं सके और विरोध नहीं कर सके।

TMC सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा- जीवनभर शिक्षक और जनसेवक रहे आशीष दा ने ईमानदारी, सम्मान और सादगी के साथ लोगों की सेवा की। वे रामपुरहाट और पूरे बीरभूम के सम्मानित लोगों में थे। उनके अंतिम नोट में लंबे समय से चले कथित बदनाम करने के अभियान को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं।

आशीष बनर्जी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शनिवार को बीरभूम में घर के पास तिरंगा फहराया था। इस कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें उन्होंने अपने फेसबुक पेज पर शेयर की थीं।

आशीष बनर्जी के भाई प्रशांत बनर्जी ने कहा- दरवाजे में थोड़ी जगह थी और वहां से रस्सी लटकी दिखाई दी। इससे हमें शक हुआ। इसके बाद परिवार के सभी लोगों को बुलाया गया और पुलिस को सूचना दी गई।

हम रोज मिलते थे। रात तक भी कुछ असामान्य नहीं लगा था। वे दिनभर ऑफिस में थे। झंडा फहराया गया था और सब कुछ सामान्य था।

आशीष बनर्जी ममता बनर्जी के करीबी और तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते थे। पश्चिम बंगाल में टीएमसी की सरकार बनने के बाद वे कई विभागों के मंत्री रहे। वे स्कूल शिक्षा और कृषि मंत्री भी रह चुके थे।

आशीष 2001, 2006, 2011, 2016 और 2021 में रामपुरहाट सीट से लगातार पांच बार विधायक चुने गए। पिछली ममता सरकार में वे विधानसभा के डिप्टी स्पीकर भी रहे।

### 'रानी अवंती बाई ...

बदायूं में रानी अवंती बाई लोधी के नाम पर पीएसी की नई वाहिनी का गठन किया। यह कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वहां वीरांगना रानी अवंती बाई की अश्वारोही प्रतिमा की स्थापना की कार्रवाई अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है। लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी पासी के नाम पर महिला पीएसी की गठित बटालियन का कार्य भी युद्धस्तर पर आगे बढ़ा है। गोरखपुर में वीरांगना झलकारी बाई कोरी के नाम पर पीएसी की नई बटालियन का कार्य तेजी से बढ़ रहा है। इन दोनों बटालियन में भी वीरांगनाओं की अश्वारोही प्रतिमाओं का कार्य आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी उत्तर प्रदेश में मातृशक्ति की सुरक्षा के प्रश्न उभरते थे, इन वीरांगनाओं के नाम पर किए गए कार्य के पीछे का ध्येय यही है कि उन प्रश्नों पर छाए बादल समाप्त हों। बेटी सुरक्षित हो और सम्मान के साथ सिर उठाकर समाज के प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर सके। उसके स्वावलंबन के लिए शासन की योजनाएं प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकें। इसी विश्वास के साथ डबल इंजन सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में कार्यक्रमों को बढ़ाया है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 20 फीसदी बेटियों की भर्ती अनिवार्य हुई। 2017 में उत्तर प्रदेश के पुलिस बल में महिलाओं की संख्या मात्र 10 हजार थी, वह संख्या बढ़कर अब 45 हजार से ऊपर पहुंच चुकी है। नारी केवल नारा नहीं है, बल्कि नारी के गौरव की रक्षा हो रही है, जिससे वे सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ आत्मनिर्भर व विकसित भारत के सपनों को साकार करने में अपना योगदान दे सकें। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, जय देवी, विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी आदि ने भी वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया।

### 'आज भी अधिकारों...

और उनके बलिदान को नमन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस समेत लाखों स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों के संघर्ष को याद किया गया। इन महान लोगों के बलिदान की वजह से देश को आजादी मिली।

सपा प्रमुख ने कहा कि आजादी के बाद बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ. राम मनोहर लोहिया और नेताजी मुलायम सिंह यादव ने संविधान और समाजवादी विचारधारा का रास्ता दिखाया। समाजवादी पार्टी इसी विचारधारा के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई के समय देश के पास अपना कानून नहीं था और लोगों को अधिकार व सम्मान हासिल नहीं था।

### ऑस्ट्रेलिया में सबसे कम मैचों में टेस्ट जीतने वाली एशियन टीम, कंगारुओं को उनकी धरती पर पहली बार हराया

# बांग्लादेश ने भारत-पाकिस्तान को पीछे छोड़ा

**मुकाबला**

नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट में 9 विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। ऑस्ट्रेलिया की धरती पर यह उसकी पहली टेस्ट जीत है। बांग्लादेश ने 57 रन का टारगेट चौथे दिन दूसरे सेशन में 9 विकेट रहते हासिल कर लिया।

इससे पहले बांग्लादेश ने 2003 में ऑस्ट्रेलिया में दो टेस्ट खेले थे, लेकिन दोनों में उसे हार का सामना करना पड़ा था।

अब 3 टेस्ट में पहली जीत दर्ज कर बांग्लादेश ऑस्ट्रेलिया में सबसे कम मैचों में टेस्ट जीतने वाली एशियन टीम बन गई है। पाकिस्तान ने 7 और भारत ने 12 टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि श्रीलंका 15 टेस्ट के बाद भी जीत का




इंतजार कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने डार्विन में गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन टीम की पहली पारी 198 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट चटकाए।

जवाब में बांग्लादेश ने पहली पारी में 426 रन बनाए। तंजिद हसन ने 101 रन की शानदार पारी खेली। यह ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर किसी बांग्लादेशी बल्लेबाज का पहला टेस्ट शतक था। नजमुल हुसैन शांतो ने 84 रन, जबकि मेहदी हसन मिराज ने 65 रन बनाए। इस तरह बांग्लादेश ने पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया पर 228 रन की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया टीम पहली पारी में 198 रन पर आउट होने के कारण बांग्लादेश से 228 रन पीछे थी। चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी के स्कोर 161/4 से आगे खेलना शुरू किया और 284 पर ऑलआउट हो गई। ऐसे में बांग्लादेश को 57 रन का टारगेट मिला। दूसरी पारी में कैमरन ग्रीन ने 4 चौके और एक छक्के की मदद से 201 गेंदों पर 104 रन बनाए। ग्रीन के टेस्ट करियर का ये तीसरा शतक रहा। मेहदी हसन मिराज ने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उन्होंने एलेक्स कैरी को 30 रन पर लिटन दास के हाथों कैच कराया, इसके बाद बो वेबस्टर को 12 रन पर बोल्ड किया। फिर पैट कमिंस को 9 रन पर शॉर्ट लेग में कैच कराया। ग्रीन के 104 रन के शतक के बाद मेहदी ने उनकी पारी भी खत्म की और आखिर में नाथन लायन को 15 रन पर LBW कर ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 284 रन पर समेट दी।

> बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक सात टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 5 मैचों में जीत हासिल की। जबकि बांग्लादेश ने दो मुकाबले जीते। टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 22 अगस्त से मैके में खेला जाएगा।

### हसन महमूद प्लेयर ऑफ द मैच

बांग्लादेश की ऐतिहासिक जीत के हीरो तेज गेंदबाज हसन महमूद और ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज रहे। महमूद ने मैच में कुल 9 विकेट चटकाए, जबकि मिराज ने 65 रन बनाने के साथ 5 विकेट भी अपने नाम किए।


हसन महमूद | 9 विकेट

### भारत को कभी नहीं हरा पाया है बांग्लादेश

भारत के खिलाफ बांग्लादेश का टेस्ट रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक 15 टेस्ट खेले गए हैं, जिनमें बांग्लादेश एक भी मैच नहीं जीत सका है। भारत ने 13 मुकाबले जीते हैं, जबकि 2 टेस्ट ड्रॉ रहे।

# गॉल टेस्ट से पहले टीम इंडिया ने झंडा फहराया

## 19 मैच बाद नंबर-3 पर भारतीय का शतक

गॉल, एजेंसी

भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा है। 15 अगस्त को पहले दिन का खेल शुरू होने से पहले टीम इंडिया ने झंडा फहराया। स्टंप्स तक इंडिया ने 2 विकेट पर 288 रन बना लिए हैं। देवदत्त पडिक्कल 131 और ऋषभ पंत 27 रन पर नाबाद हैं।

नंबर-3 पर 19 मैच के बाद किसी भारतीय ने शतक लगाया है। इससे पहले केएल राहुल (77 रन) क्रैम्प के कारण दर्द से कराहते हुए मैदान से बाहर चले गए।

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारतीय कोच गौतम गंभीर, कप्तान शुभमन गिल तिरंगा फहराया। टीम के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ ने राष्ट्रगान गाया। BCCI ने इस खास पल का वीडियो भी शेयर किया।

9.5 ओवर में प्रभात जयसूर्या की



गेंद पर केएल राहुल ने स्वीप शॉट खेला। गेंद शॉर्ट लेग पर खड़े निशान फर्नांडो के हेलमेट के बीचों-बीच जा लगी और डिफ्लेक्ट होकर फाइन लेग की ओर चली गई। रन पूरा होते ही राहुल तुरंत निशान का हाल जानने पहुंचे। फिजियो ने मैदान पर उनकी जांच की, जिसके बाद निशान को मैदान से बाहर ले जाया गया।

लंच के समय बारिश शुरू होने के कारण खेल रोक दिया गया। खिलाड़ी मैदान से बाहर लौट गए और बारिश रुकने का इंतजार किया गया। इसी वजह से लंच के बाद खेल शुरू होने में देरी हुई।

# आयरलैंड को 6 विकेट से अफगानिस्तान ने हराया

## 299 रन का अपना सबसे बड़ा वनडे चेज किया

नई दिल्ली। अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ 299 रन का लक्ष्य 48.5 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम ने 5वें और आखिरी वनडे में आयरलैंड को 6 विकेट से हराया और सीरीज 4-0 से अपने नाम की। बेलफास्ट के सिविल सर्विस क्रिकेट क्लब में खेले गए मुकाबले में रहमत शाह ने नाबाद 143 रन की पारी खेली। उन्होंने सिद्दीकुल्लाह अटल (98) के साथ तीसरे विकेट के लिए 201 रन जोड़े। यह अफगानिस्तान के वनडे इतिहास में तीसरे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है।

अफगानिस्तान ने 299 रन का लक्ष्य हासिल कर वनडे में अपना सबसे बड़ा सफल रन चेज किया। इससे पहले टीम का सबसे बड़ा सफल रन चेज 295 रन था। इस



जीत के साथ अफगानिस्तान ने 5 मैचों की सीरीज 4-0 से जीत ली। सीरीज का पहला मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था।

299 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने 6 ओवर के अंदर 22 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। आयरलैंड के तेज गेंदबाज लियम मैकार्थी ने रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान को आउट किया।

इसके बाद रहमत शाह और सिद्दीकुल्लाह अटल ने पारी को संभाला। दोनों ने शुरुआती दबाव से निकलते हुए धीरे-धीरे रन गति बढ़ाई और आयरलैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाना शुरू किया।

रहमत शाह और सिद्दीकुल्लाह अटल ने तीसरे विकेट के लिए 201 रन की साझेदारी की। यह अफगानिस्तान की वनडे में तीसरे विकेट की नई रिकॉर्ड साझेदारी है।

इससे पहले यह रिकॉर्ड रहमत शाह और हशमतुल्लाह शाहिदी के नाम था। दोनों ने 2021 में अबू धाबी में आयरलैंड के खिलाफ 184 रन जोड़े थे।

अटल ने 98 रन बनाए और शतक से सिर्फ 2 रन दूर रह गए। उनके आउट होने के बाद भी रहमत शाह एक छोर पर टिके रहे।

### सेफ्टी किट ड्रेसिंग रूम में छोड़ा, कप्तान को ग्रीन कार्ड, इंग्लैंड ने 4-1 से हराया

# पाकिस्तान हॉकी वर्ल्डकप में पेनल्टी कॉर्नर का सामान लाना भूला

नई दिल्ली। पाकिस्तान हॉकी वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर का सामान लाना भूल गया। टीम की सेफ्टी किट ड्रेसिंग रूम में ही रह गई।

इसके कारण कप्तान अबू बकर महमूद को ग्रीन कार्ड दिखाया गया और उन्हें 2 मिनट के लिए मैदान से बाहर बैठना पड़ा। टीम को मैच में हार का सामना भी करना पड़ा। इंग्लैंड ने 4-1 से हराया।

इंग्लैंड के 1-0 से आगे होने के कुछ देर बाद करीब 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला। पाकिस्तान के खिलाड़ी गोल के पीछे जरूरी प्रोटेक्टिव गियर तलाशने लगे, लेकिन किट वहां मौजूद नहीं थी। बाद में पता चला कि सामान ड्रेसिंग रूम में ही छूट गया था। एक खिलाड़ी को दौड़कर किट लानी



पड़ी। किट आने में हुई देरी के बाद रेफरी ने पाकिस्तान के कप्तान अबू बकर महमूद को ग्रीन कार्ड दिखा दिया। उन्हें दो मिनट के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा।

किट विवाद के बीच पाकिस्तान मैच भी नहीं बचा सका। इंग्लैंड ने 4-1 से जीत दर्ज की। स्टुअर्ट रशमेयर ने 12वें मिनट में इंग्लैंड का पहला गोल किया। इसके बाद सैम वार्ड ने दूसरे क्वार्टर में बढ़त 2-0 कर दी। सैमुअल हूपर ने 31वें मिनट में तीसरा और जेम्स एलबरी ने 47वें मिनट में चौथा गोल किया। पाकिस्तान की ओर से रेहान अब्दुल अफराज ने 50वें मिनट में एक गोल किया।

पाकिस्तान को मैच में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन टीम इनमें से किसी को भी गोल में नहीं बदल सकी।

पाकिस्तान की टीम 2018 के बाद पहली बार हॉकी वर्ल्ड कप खेल रही है। 2023 का वर्ल्ड कप टीम ने मिस किया था।



### पूर्व कप्तान ने कहा- यह 'अनवॉन्टेड रिकॉर्ड'

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान अकबर ने इस घटना पर नाराजगी जताई। उन्होंने इसे पाकिस्तान हॉकी का एक और 'अनवॉन्टेड रिकॉर्ड' बताया। उनका कहना था कि वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में पेनल्टी कॉर्नर के लिए जरूरी सुरक्षा उपकरण भूलना नहीं चाहिए।

उन्होंने कहा कि तैयारी सिर्फ रणनीति, फिटनेस और स्किल तक सीमित नहीं है। टीम में अनुशासन और बेहतर संगठन भी जरूरी है। उनके मुताबिक ऐसी घटना वर्ल्ड कप जैसे बड़े मंच पर टीम की तैयारियों पर सवाल खड़े करती है।

## मनोरंजन

# 'आवारापन 2' ने दूसरे दिन 33.75 करोड़ कमाए

### कुल कमाई 72.90 करोड़ हुई, 'बंटवारा 1947' के कलेक्शन में भी उछाल





मुंबई। सनी देओल स्टारर फिल्म 'बंटवारा 1947' को बॉक्स ऑफिस पर 14 अगस्त को रिलीज हुई 'आवारापन 2' से कड़ी टक्कर मिल रही है। सैकनिल्क के मुताबिक, 'आवारापन 2' ने रिलीज के दूसरे दिन 33.75 करोड़ नेट का कलेक्शन किया। इसके साथ भारत में फिल्म की कुल नेट कमाई 55.75 करोड़ और वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 72.90 करोड़ पहुंच गया है। वहीं, 'बंटवारा 1947' ने दूसरे दिन 13.50 करोड़ नेट कमाए। फिल्म का भारत में कुल नेट कलेक्शन 19.25 करोड़ और वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 26.41 करोड़ हो गया है।

राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी 'बंटवारा 1947' में सनी देओल के साथ प्रीति जिंटा, शबाना आजमी, अली फजल, करण देओल और अभिमन्यु सिंह अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म भारत के विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसे आमिर खान ने प्रोड्यूस किया है।

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर फिल्म की कमाई में दूसरे दिन उछाल देखने को मिला।



### बोलीं- शरीर के साथ इंसानों जैसा बर्ताव करें, यह मशीन नहीं है

# हिप इंजरी के बाद छलका रश्मिका मंदाना का दर्द

नई दिल्ली। साउथ और बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना इन दिनों हिप इंजरी से रिकवर कर रही हैं। फिल्म 'मायसा' की शूटिंग के दौरान डांस सीक्वेंस करते वक्त उन्हें चोट लगी थी। अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी हेल्थ का अपडेट दिया है। उन्होंने बताया कि वह पहले से बेहतर हैं और इस ब्रेक में परिवार के साथ वक्त बिता रही हैं।

रश्मिका ने पहले बताया था कि उनके दाहिने हिप को पैर से जोड़ने वाला एक टेंडन अलग हो गया था। इसे दोबारा जुड़ने के लिए रिकवरी और आराम की जरूरत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'मायसा' के डांस सीक्वेंस के दौरान वह फिसल गई थीं। यह उनके करियर की सबसे ज्यादा एग्रेसिव और फिजिकल फिल्मों में से एक बताई जा रही है।

रश्मिका ने कहा था कि यह लगातार तीसरी इंजरी है। उन्होंने महसूस किया कि उन्हें अपने शरीर को मशीन की तरह नहीं, बल्कि इंसानी शरीर की तरह ट्रीट करना चाहिए। चोट के बाद वह वर्कआउट और रनिंग से दूर हैं। रिकवरी के दौरान वह पजल्स जैसी चीजों में खुद को व्यस्त रख रही हैं।

हालिया हेल्थ अपडेट में रश्मिका ने बताया कि लगातार भागदौड़ वाली जिंदगी के बीच अचानक रुकना शुरुआत में उन्हें डरावना लगा। लेकिन अब उन्हें लग रहा है कि जिंदगी में कभी-कभी धीमा होना जरूरी है। उन्होंने फैंस की दुआओं और पॉजिटिविटी के लिए आभार जताया। एक्ट्रेस नीना गुप्ता ने भी उनकी पोस्ट पर कमेंट कर तबीयत पूछी, जिसके जवाब में रश्मिका ने कहा कि अब वह बेहतर हैं। रश्मिका की चोट का असर उनकी सेहत के साथ दूसरे प्रोजेक्ट्स के शेड्यूल पर भी पड़ा है। विजय देवरकोंडा के साथ उनकी फिल्म 'रणाबाली' पहले सितंबर 2026 में रिलीज होने वाली थी।




### ओवरसाइज्ड ब्लू शर्ट और वाइड-लेग जींस में दिखा एक्ट्रेस का स्टाइलिश लुक

# प्रेग्नेंट दीपिका को एयरपोर्ट छोड़ने पहुंचे पति रणवीर

नई दिल्ली। दीपिका पादुकोण शनिवार रात मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। इस दौरान वह ब्लू आउटफिट में नजर आईं। दीपिका को एयरपोर्ट छोड़ने रणवीर भी पहुंचे थे। इस दौरान रणवीर कार में बैठे नजर आए। प्रेग्नेंट दीपिका ने ओवरसाइज्ड लाइट ब्लू शर्ट के साथ ढीली और वाइड-लेग ब्लू जींस पहनी थी। दोनों आउटफिट का टोन एक जैसा था, जिससे उनका लुक कोऑर्डिनेटेड नजर आया।

शर्ट में क्लासिक कॉलर, बटन-डाउन फ्रंट और फुल स्लीव्स थीं। उन्होंने ढीली शर्ट के साथ फिटेड बॉटम पहनने के बजाय वाइड-लेग डेनिम चुनी, जो पैरों पर ढीली थी।

दीपिका ने लुक को व्हाइट



स्नीकर्स के साथ पूरा किया। उन्होंने डार्क लेदर शोल्डर बैग और ब्राउन-टिंटेड सनग्लासेस पहने थे। मेकअप सिंपल रखा और बालों को स्लीक बन में बांधा। उनके ग्रीन मैनीक्योर ने लुक में रंग का टच जोड़ा। बता दें कि दीपिका और रणवीर ने 8 सितंबर 2024 को अपनी बेटी दुआ के जन्म की जानकारी दी थी। उस समय उन्होंने लिखा था, 'वेलकम बेबी गर्ल। 8-9-2024। दीपिका और रणवीर।' इससे पहले फरवरी 2024 में दीपिका ने प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। दोनों की लव स्टोरी 2013 में फिल्म 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' के सेट से शुरू हुई थी। कई सालों तक रिश्ते में रहने के बाद दोनों ने 2018 में इटली में शादी की थी।

### अप्रैल में की थी प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट

दीपिका और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। कपल ने 19 अप्रैल को दूसरी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। दीपिका और रणवीर के इंस्टाग्राम हैंडल पर उनकी बेटी दुआ की एक तस्वीर शेयर की गई थी, जिसमें बेटी ने एक प्रेग्नेंसी टेस्ट किट पकड़ी हुई है, जो पॉजिटिव रिजल्ट दिखा रहा है। तस्वीर में रणवीर बेटी को गोद में लिए हुए हैं, हालांकि उनका चेहरा दिखाई नहीं दे रहा था। वहीं, तस्वीर में दुआ का आधा चेहरा नजर आ रहा था।



# 56 के हुए सैफ अली खान डायरेक्टर को न्यूड होने को कहा

मुंबई। 90 का दशक था। मुंबई की सड़क पर दो गाड़ियां अचानक आमने-सामने आ गईं। एक कार में एक युवा एक्टर अपनी पार्टनर और दोस्त के साथ बैठा था। तभी दूसरी कार के ड्राइवर ने अचानक गलत मोड़ ले लिया। एक्टर ने उसे गुस्से में इशारा किया।

बात इतनी बढ़ी कि दोनों गाड़ियों के लोग सड़क पर उतर आए। कुछ ही देर में सड़क पर हाथापाई शुरू हो गई। लड़ाई के दौरान दोनों ने गुस्से में एक-दूसरे को दांतों से काट लिया, लेकिन इसके बाद जो हुआ, वह किसी फिल्मी सीन से कम नहीं था। कुछ देर पहले तक एक-दूसरे से भिड़ रहे दोनों लोग अचानक हंसने लगे और फिर एक-दूसरे को गले लगा लिया।

सैफ अली खान का बचपन किसी आम स्टारकिड जैसा नहीं था। पिता मंसूर अली खान पटौदी भारतीय क्रिकेट के बड़े नाम थे और मां शर्मिला टैगोर हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री, लेकिन सैफ के



बचपन का एक ऐसा दौर भी रहा, जब उनकी मां चाहकर भी उनके साथ उतना वक्त नहीं बिता पाती थीं, जितना एक मां अपने बच्चे के साथ बिताना चाहती है।

सैफ के जन्म के बाद के कुछ सालों में शर्मिला अपने करियर के बेहद व्यस्त दौर में थीं। वह दिन में दो-दो शिफ्ट में काम करती थीं। एक शिफ्ट सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक और दूसरी दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक चलती थी।

लेकिन शर्मिला यह भी मानती हैं कि सैफ की परवरिश में वह अकेली नहीं थीं। उनके पति मंसूर अली खान पटौदी और आसपास के लोगों ने इस दौरान उनका साथ दिया।

### बातचीत का नतीजा नहीं निकलने से सहयोगी देशों की बेचैनी बढ़ी, युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका लगातार उनके संपर्क में

# ईरान से समझौते को लेकर खाड़ी देश ट्रम्प से नाराज

## इनकार

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

ईरान के साथ समझौते की अमेरिकी कोशिशों से उसके कुछ खाड़ी सहयोगी निराश हैं। द वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, इन देशों को लग रहा है कि लंबे समय से बातचीत चलने के बावजूद अमेरिका और ईरान के बीच अब तक कोई पक्का समझौता नहीं हो पाया है।

हालांकि, व्हाइट हाउस ने खाड़ी देशों के ट्रम्प से नाराज होने की खबरों को खारिज किया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ट्रम्प के खाड़ी देशों के नेताओं के साथ



अच्छे रिश्ते हैं और युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका लगातार उनके संपर्क में है। कतर ने ईरान, अमेरिका और ओमान के बीच बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभाई है। कतर के अधिकारियों ने ट्रम्प को बताया था कि ईरान ने होर्मुज को लेकर एक प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। अमेरिका और ईरान की बातचीत में होर्मुज स्ट्रेट अहम मुद्दा बना हुआ है। ट्रम्प चाहते हैं कि होर्मुज स्ट्रेट तुरंत और पूरी तरह खोला जाए। वहीं, ईरान की मांग है कि अमेरिका पहले अपनी नौसैनिक नाकाबंदी हटाए और ईरान के पास तैनात अमेरिकी सैनिकों को पीछे करे।

> एक्सियोस के मुताबिक, ट्रम्प ने पिछले हफ्ते कहा था कि अमेरिका फिलहाल ईरान पर नए हमले की तैयारी नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के साथ "आधी-अधूरी बातचीत" कर रहा है और वहां के खराब आर्थिक हालात पर नजर रख रहा है। इससे पहले ट्रम्प ने ईरान पर होने वाला एक हमला भी रोक दिया था। उनका कहना था कि अगर जल्द समझौता हो जाता है तो सैन्य कार्रवाई की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### ईरान को लेकर खाड़ी देशों का रुख अलग-अलग

अमेरिका के सहयोगी होने के बावजूद खाड़ी देश ईरान से निपटने के तरीके पर एकमत नहीं हैं। संयुक्त अरब अमीरात ईरान पर ज्यादा सैन्य दबाव बनाने के पक्ष में है। उसका मानना है कि ईरान का रिवोल्यूशनरी गार्ड तभी पीछे हटेगा, जब अमेरिका सैन्य दबाव बढ़ाए और होर्मुज पर नियंत्रण सुनिश्चित करे। वहीं, सऊदी अरब बातचीत और तनाव कम करने के पक्ष में है। उसने पहले होर्मुज को सैन्य ताकत से खोलने की अमेरिकी योजना का विरोध किया था। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने भी ट्रम्प से फोन पर बात कर सैन्य कार्रवाई नहीं करने की अपील की थी।

### ईरान का आरोप- अमेरिका और इजराइल खाड़ी देशों को हमारे खिलाफ कर रहे

ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका और इजराइल खाड़ी देशों को ईरान के खिलाफ करने की कोशिश कर रहे हैं। ईरानी सरकारी टीवी से बातचीत में उन्होंने कहा कि दोनों देश ईरान की अंदरूनी समस्याओं का फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने पड़ोसी खाड़ी देशों के साथ रिश्ते मजबूत करने पर भी जोर दिया।

# अमेरिका की यूनिवर्सिटी में शुरू हुआ कंटेंट क्रिएशन कोर्स

## अब डिग्री लेकर बन सकेंगे इन्फ्लुएंसर

**वाशिंगटन, एजेंसी**

सोशल मीडिया के दौर में कंटेंट क्रिएशन अब सिर्फ शौक नहीं, बल्कि करियर का विकल्प भी बनता जा रहा है। युवाओं के बीच इन्फ्लुएंसर बनने की बढ़ती चाहत को देखते हुए अमेरिका की एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी (ASU सहित कई प्रमुख संस्थानों ने पोडकास्टिंग, स्टूडियो प्रोडक्शन और ऑन-कैमरा प्रेजेंस जैसे विषयों के साथ बैचलर्स डिग्री और सर्टिफिकेट प्रोग्राम लॉन्च किए हैं। अमेरिका की एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी (ASU) ने हाल ही में 'कंटेंट क्रिएशन के लिए डिग्री कोर्स शुरू हो गया। यह कोर्स उन युवाओं के लिए है, जो सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, डिजिटल स्टोरीटेलर या प्रोफेशनल कंटेंट क्रिएटर बनना चाहते हैं। इसे वाल्टर क्रोनकाइट स्कूल ऑफ



जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के जरिए ऑफर किया जा रहा है। इसका करिकुलम ASU की मास कम्युनिकेशन और मीडिया स्टडीज डिग्री से काफी मिलता-जुलता है, लेकिन इसमें पॉडकास्टिंग, स्टूडियो प्रोडक्शन और ऑन-कैमरा मौजूदगी जैसे खास ऑप्शनल सब्जेक्ट्स (इलेक्टिव्स) शामिल हैं। हालांकि, इसको लेकर विवाद भी शुरू हो गया है, एक तरफ जहां कुछ विशेषज्ञ इसे डिजिटल दौर का जरूरी करियर मान रहे हैं, वहीं आलोचक 20 अरब डॉलर से अधिक की इस इंडस्ट्री में डिग्री की वास्तविक उपयोगिता और नौकरियों की गारंटी पर सवाल उठा रहे हैं।

## फास्ट न्यूज

### इलायची के विज्ञापन पर शाहरुख-अजय और टाइगर को नोटिस

नई दिल्ली। महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) ने शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। FDA का आरोप है कि 'विमल इलायची' के विज्ञापन के जरिए राज्य में प्रतिबंधित 'विमल पान मसाला' का इनडायरेक्ट प्रचार किया जा रहा है। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, FDA ने 11 अगस्त को तीनों को नोटिस भेजकर विज्ञापन में उनकी भूमिका पर 15 दिन में जवाब और स्पष्टीकरण मांगा है।

### सो रहे पोलर बियर को जहाज के हॉर्न से जगाया

ओस्लो। जहाज चलाने वाले एक व्यक्ति पर 50,000 नॉर्वेजियन क्रोनर (लगभग 4.5 से 5 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया गया। उस पर यह जुर्माना नाव के फॉगहॉर्न का इस्तेमाल करके सो रहे पोलर बियर को जगाने के कारण लगाया गया। यह घटना इस महीने की शुरुआत में स्वालबार्ड के तट पर हुई। स्वालबार्ड नॉर्वे का एक दूर-दराज का द्वीप समूह है, जो उत्तरी ध्रुव से लगभग 620 मील दूर स्थित है। एक स्थानीय फ्योर्ड (समुद्री खाड़ी) से गुजरते समय जहाज पर मौजूद लोगों ने किनारे पर आराम कर रहे एक पोलर बियर) को देखा।

### बस पलटने से 12 लोगों की मौत

बुडापेस्ट। पूर्वी हंगरी के मेजोकेरेजटेस शहर के पास M3 मोटरवे पर रविवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। पोलैंड के पर्यटकों को ले जा रही एक बस अनियंत्रित होकर खाई में गिरकर पलट गई। इस भीषण हादसे में 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और कम से कम 10 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# यूक्रेन के भगोड़े कमांडर की खौफनाक मौत!

## रशियन एस्कॉर्ट ने कचरे के डिब्बे में छिपाया था बम

मॉस्को। रूस के कब्जे वाले क्रीमिया में यूक्रेन के एक भगोड़े और क्रेमलिन के काला सागर बेड़े के 49 वर्षीय कमांडर रॉबर्ट शागेव की कचरे के डिब्बे में हुए भीषण बम विस्फोट में मौत हो गई। रूसी अधिकारियों ने इस हत्या के आरोप में रशियन एस्कॉर्ट 32 वर्षीय मार्गरीटा रियूट नाम की महिला को गिरफ्तार किया है।

'द टेलीग्राफ' द्वारा उद्धृत और सुरक्षा सेवाओं से जुड़े टेलीग्राम चैनलों के अनुसार, आरोपी मार्गरीटा रियूट ने कमांडर शागीव के पास स्थित एक कूड़ेदान में आईईडी (विस्फोटक उपकरण) छिपाया था। जैसे ही शागीव सीढ़ियों से नीचे उतरा, उसमें जोरदार धमाका हुआ और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कचरे के डिब्बे में हुआ यह विस्फोट इतना भीषण था कि आसपास रहने वाले लोगों ने इसे



किसी इमारत पर हुआ ड्रोन हमला समझ लिया था। रूस के 'ई2डब्ल्यू न्यूज' के मुताबिक, रूसी अधिकारियों ने रियूट पर आतंकवाद के जरिए हत्या करने का आरोप दर्ज किया है। पूछताछ में उसने कथित तौर पर अपना गुनाह कबूल कर लिया है, जिसके बाद अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

वहीं, जांच एजेंसियों की रिपोर्टों में इस पूरे हत्याकांड के तार यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों से जुड़े होने का दावा किया जा रहा है। रॉबर्ट शागीव एक यूक्रेनी नौसेना अधिकारी था, जो 2014 में क्रीमिया के विलय के बाद रूस भाग गया था।

### घर में बेहोश मिले, रिसर्च में नकल के आरोपों के बाद यूनिवर्सिटी से इस्तीफा दिया था

# कैम्ब्रिज के सबसे कम उम्र के ब्लैक प्रोफेसर की मौत

परिवार बोला- गलत जानकारी के अभियान ने उन्हें बहुत परेशान किया

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के सबसे कम उम्र के अश्वेत प्रोफेसर रहे जेसन अर्डे का 41 साल की उम्र में निधन हो गया। वे शिक्षा और समाज से जुड़े विषयों पर रिसर्च और अध्यापन करते थे।

शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे उन्हें दक्षिण लंदन के बैटरसी स्थित उनके घर में बेहोश पाया गया। एंबुलेंस टीम ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, उनकी मौत अचानक हुई। अभी तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे मौत को संदिग्ध माना जाए। पुलिस परिवार के संपर्क में है और मामले की जांच कर रही है। अर्डे ने 2015 में ब्रिटेन की



लिवरपूल जॉन मूर्स यूनिवर्सिटी से पीएचडी की थी। इस दौरान उन्होंने एक रिसर्च रिपोर्ट लिखी थी। बाद में उनकी रिसर्च के कुछ हिस्सों पर आरोप लगे कि उन्होंने दूसरे लोगों के लिखे काम को बिना उचित श्रेय दिए अपनी रिसर्च में इस्तेमाल किया। आसान भाषा में कहें तो उन पर रिसर्च में नकल करने का आरोप लगा था। अर्डे ने इन आरोपों को गलत बताया था। इसके बाद उनकी कुछ दूसरी रिसर्च में भी गलतियां होने के आरोप लगाए गए। अर्डे की कैम्ब्रिज में नियुक्ति को लेकर भी विवाद हुआ था। कुछ लोगों ने आरोप लगाया था कि उन्हें उनकी योग्यता के बजाय यूनिवर्सिटी की विविधता बढ़ाने वाली नीति के तहत नौकरी दी गई। इसका मतलब है कि अलग-अलग समुदायों और कम प्रतिनिधित्व वाले लोगों को संस्थानों में बराबर मौके दिए जाएं और उनकी भागीदारी बढ़ाई जाए। हालांकि, ब्रिटेन की शिक्षक यूनियन के नेता डेनियल कबेडे ने अर्डे का बचाव किया था। उन्होंने कहा था कि अर्डे को सार्वजनिक रूप से बहुत बुरी तरह निशाना बनाया गया। उन्होंने ब्रिटिश मीडिया और दक्षिणपंथी टिप्पणीकारों के एक वर्ग पर अर्डे के खिलाफ नस्लवादी अभियान चलाने का आरोप लगाया था।



जेसन अर्डे ने 2012 में लंदन में सटन और मर्टन के बीच ओलंपिक टॉर्च रिले में ओलंपिक मशाल लेकर हिस्सा लिया था।

### मौत से कुछ दिन पहले ही कैम्ब्रिज से दिया था इस्तीफा

जेसन अर्डे ने 5 अगस्त को कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से इस्तीफा दिया था। यह फैसला उनकी कुछ रिसर्च को लेकर उठे सवालों के बीच आया था।

कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने उनकी नियुक्ति और यूनिवर्सिटी में उनके कामकाज की जांच भी शुरू की थी। यूनिवर्सिटी यह पता लगा रही थी कि अर्डे को 2022 में प्रोफेसर की नौकरी कैसे मिली और उनके काम के दौरान क्या हुआ।

इस्तीफा देने के बाद अर्डे ने कहा था कि लगातार लग रहे आरोपों और उनके बारे में सार्वजनिक रूप से की जा रही टिप्पणियों का उन पर बहुत गहरा असर पड़ा।

### महिलाओं की आजादी छीनी, प्रेस पर पाबंदियां बढ़ीं, लोगों पर कोड़े बरसाए गए

# अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के पांच साल पूरे

**काबुल, एजेंसी**

तालिबान के काबुल पर कब्जे के आज पांच साल पूरे हो गए हैं। पांच साल में अफगानिस्तान की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। तालिबान ने पूरे देश पर अपना नियंत्रण मजबूत किया और अर्थव्यवस्था में कुछ सुधार आया।

लेकिन दूसरी तरफ महिलाओं के अधिकारों पर सख्त पाबंदियां लगीं, प्रेस की आजादी घटी और शारीरिक सजाएं फिर आम हो गईं।

ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त 2021 से नवंबर 2022 के बीच अदालतों ने कम से कम 18 मामलों में शारीरिक सजा का आदेश दिया। इनमें ज्यादातर मामले तथाकथित नैतिक अपराधों से जुड़े



थे। दिसंबर 2022 में परवान प्रांत के एक स्टेडियम में भीड़ के सामने 27 लोगों को सबके सामने कोड़े मारे गए। तालिबान से पहले की अफगान सरकारों के दौर में भी शारीरिक सजा मौजूद थी, लेकिन तालिबान के शासन में इसे खुले तौर पर और नियमित रूप से लागू किया जाने लगा। अफगानिस्तान में 15 अगस्त 2021 को तालिबान ने काबुल पर कब्जा कर लिया। कुछ ही घंटों में अफगान सरकार का पतन हो गया। कमर्शियल फ्लाइट्स रद्द हो गईं और हजारों लोग देश छोड़ने के लिए काबुल एयरपोर्ट पहुंच गए।



उस समय की सबसे चर्चित तस्वीरों में अमेरिकी वायुसेना के C-17 ग्लोबमास्टर विमान से लटके लोगों की तस्वीर शामिल थी। अमेरिकी सैनिकों को रनवे खाली कराने के लिए अभियान रोकना पड़ा। यह फुटेज 16 अगस्त 2021 का है।

तालिबान ने उस समय महिलाओं के अधिकार बनाए रखने और अमेरिका व पिछली अफगान सरकार के साथ काम करने वालों को माफी देने का वादा किया था।

प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने कहा था कि लोगों को अपनी संपत्ति, जान या सम्मान को लेकर खतरा नहीं होगा। लेकिन अगले पांच साल में तस्वीर इन वादों के बिल्कुल उलट नजर आई। अफगानिस्तान अब दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां छात्राओं को औपचारिक रूप से सेकेंडरी स्कूल और यूनिवर्सिटी में पढ़ने से रोक दिया गया है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद महिलाओं पर पाबंदियां लगातार बढ़ती गईं। नौकरी करने, और सार्वजनिक जगहों पर जाने को लेकर भी कई तरह की पाबंदियां लगाई गईं। UN की रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान के राज में अब तक महिलाओं के खिलाफ 100 से ज्यादा फरमान जारी हो चुके हैं।

### कैम्ब्रिज के सबसे कम उम्र के ब्लैक प्रोफेसर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**लंदन, एजेंसी**

कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर जेसन अर्डे अपने लंदन स्थित घर में बेसुध हालत में मृत पाए गए। 41 वर्षीय अर्डे को हाल के दिनों में तीखी जन-आलोचना और DEI (विविधता, समानता और समावेश) को बढ़ावा देने के लिए भर्ती किए जाने के आरोपों का सामना करना पड़ रहा था।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को दोपहर बाद बैटरसी स्थित उनके घर पर अधिकारियों को बुलाया गया था। पुलिस ने उनकी मौत को अप्रत्याशित माना है।

अर्डे 2023 में कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के सबसे युवा अश्वेत प्रोफेसर बने थे। हालांकि, कैम्ब्रिज द्वारा उनकी नियुक्ति की जांच की घोषणा के बाद उन्होंने 5 अगस्त को सोशियोलॉजी ऑफ एजुकेशन के प्रोफेसर पद से इस्तीफा दे दिया था।

जेसन अर्डे पर लिवरपूल जॉन मूर्स यूनिवर्सिटी में अपनी PhD थीसिस में साहित्यिक चोरी



(प्लेगरिज्म) का आरोप लगा था। फरवरी में हुई आंतरिक जांच में लिवरपूल यूनिवर्सिटी ने पाया था कि साहित्यिक चोरी का आरोप साबित नहीं हुआ।

लेकिन 21 जुलाई को अमेरिकी शोधकर्ता नाथन कोफनास ने एक लेख में दावा किया कि अर्डे के 2015 के शोध-प्रबंध में पुराने काम से काफी समानता थी और उनकी नियुक्ति केवल DEI विचारधारा के तहत हुई थी। इस्तीफा देते समय अर्डे ने कहा था कि लगातार लग रहे आरोपों और सार्वजनिक टिप्पणियों ने उन पर गहरा नकारात्मक असर डाला है। उनके परिवार ने कहा, गलत जानकारी फैलाने का यह अभियान जेसन के लिए बर्दाश्त से बाहर हो गया था।

### चुनौती : सर्वे में पूर्व आर्मी चीफ आइजेनकोट से पिछड़े, 2 महीने बाद चुनाव होने हैं

# इजराइली पीएम नेतन्याहू को हार का खतरा

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल में 27 अक्टूबर को होने वाले चुनाव से पहले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को पूर्व सेना प्रमुख गादी आइजेनकोट से बड़ी चुनौती मिलती दिख रही है। गुरुवार को सामने आए जमान इजराइल के नए सर्वे में आइजेनकोट की विपक्षी पार्टी यशार को 25 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। वहीं नेतन्याहू की लिकुड पार्टी 21 सीटों पर सिमट सकती है।

यानी यशार ने लिकुड पर 4 सीट की बढ़त बना ली है। पिछले कुछ हफ्तों के ज्यादातर सर्वे में भी यशार आगे रही है, लेकिन अंतर बहुत कम था। कई सर्वे में लिकुड बराबरी पर थी या सिर्फ 1-2 सीट पीछे थी। नए सर्वे में यह अंतर बढ़कर 4 सीट हो गया है। यशार के सबसे बड़ी पार्टी



बनने के बावजूद चुनाव के बाद सरकार बनना आसान नहीं होगा। इजराइल की संसद नेसेट में कुल 120 सीटें हैं और बहुमत के लिए कम से कम 61 सीटों की जरूरत होती है।

सर्वे में नेतन्याहू विरोधी दलों के 'चेंज ब्लॉक' को 58 सीटें मिलने का अनुमान है। यानी यह गठबंधन बहुमत से सिर्फ 3 सीट दूर नजर आ रहा है। दूसरी ओर नेतन्याहू के समर्थक दलों को कुल 50 सीटें मिलने का अनुमान है। अरब पार्टियों को 12 सीटें मिल सकती हैं। इनमें राम पार्टी और हदाश-ताल को 6-6 सीटें मिलने का अनुमान है। इसका मतलब है कि चुनाव से पहले किसी भी बड़े खेमे के पास सरकार बनाने लायक साफ बहुमत नहीं है। चैनल 12 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की ओर से इजराइली नेताओं को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों के संकेत मिले हैं। पीएम नेतन्याहू के पास सराकरी सुरक्षा है लेकिन आइजेनकोट को फिलहाल सरकारी सुरक्षा का औपचारिक अधिकार नहीं है।

### आइजेनकोट बोले- सबसे बड़ी पार्टी के नेता को मौका मिलना चाहिए

आइजेनकोट की बढ़त के बीच नेतन्याहू विरोधी खेमे के विपक्षी नेता याइर लैपिड की पार्टी बीयाचद ने कहा है कि वह विपक्षी सरकार बनने के रास्ते में रुकावट नहीं डालेगी। लेकिन जब लैपिड से पूछा गया कि क्या उनकी पार्टी आइजे-नकोट को प्रधानमंत्री बनाने का समर्थन करेगी, तो उन्होंने सीधा जवाब नहीं दिया। बीयाचद में लैपिड दूसरे नंबर के नेता हैं। पार्टी का नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट के हाथ में है। वह खुद भी प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर सामने आते रहे हैं। आइजेनकोट ने इससे पहले कहा था कि अगला प्रधानमंत्री उसी व्यक्ति को होना चाहिए जो नेतन्याहू विरोधी गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी का नेता हो।

> इजराइल में जनता सीधे प्रधानमंत्री या उम्मीदवार को वोट नहीं देती। इसकी बजाय राजनीतिक पार्टी को वोट देते हैं। पूरे इजराइल को एक ही चुनाव क्षेत्र माना जाता है और वोट के हिसाब से 120 सीटों वाली संसद यानी नेसेट में पार्टियों को सीटें मिलती हैं।

# इंडोनेशिया-7.7 के 17 घंटे बाद तीसरा 6.5 तीव्रता का झटका

## भूकंप के बाद पीछे हटा समुद्र का पानी

**जकार्ता, एजेंसी**

इंडोनेशिया में शनिवार सुबह 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। इसके करीब 17 घंटे बाद रात को 6.0 तीव्रता का तीसरा झटका महसूस किया गया। इससे पहले शाम को 6.5 तीव्रता का दूसरा भूकंप आया था।

भूकंप के तेज झटकों से कई इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। और कई इमारतें भी गिरीं। अब तक 47 लोगों के मौत की पुष्टि हुई है और कई लोग घायल भी बताए जा रहे हैं। भूकंप के बाद नागेकेओ इलाके में समुद्र का पानी अचानक पीछे हट गया। इसे सुनामी का संकेत मानकर लोग घबराकर ऊंची जगहों की ओर भागने लगे।

शुरुआत में कई तटीय इलाकों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी जिसे कुछ घंटे बाद हटा लिया गया। फिलहाल लोगों से सुरक्षित



जगह पर रहने को कहा गया है।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (USGS) के मुताबिक, भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 6 बजे आया। इसका केंद्र एंडे शहर से करीब 68 किलोमीटर दूर समुद्र के नीचे था। पहले भूकंप के बाद इलाके में कई आफ्टरशॉक भी दर्ज किए गए। इनमें 5.9, 5.6 और 6.1 तीव्रता के झटके शामिल थे। अधिकारियों ने लोगों से कहा कि वे फिलहाल क्षतिग्रस्त इमारतों में वापस न जाएं, क्योंकि तेज आफ्टरशॉक आ सकते हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में कुछ इमारतें गिरती और क्षतिग्रस्त होती दिखाई दे रही हैं।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96